


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक ख़बरों के साथ




वर्ष 14, अंक 84 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, गुरुवार 09 जनवरी 2025 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### कटरा में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

**कटरा।** जम्मू-कश्मीर के कटरा में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान ने गोली मारकर आत्महत्या कर लिया है। बताया जा रहा है कि मृतक की उम्र 55 साल थी। उन्होंने अपनी ही बंदूक से खुद को गोली मारी है। मृतक जवान बिहार के पटना का रहने वाला था। दरअसल, मृतक जवान का नाम राजनाथ प्रसाद पुत्र लेफ्टिनेंट माधव मिस्त्री है, जो वर्तमान में कटरा स्थित 6वीं सीआरपीएफ बटालियन में तैनात था। 55 वर्षीय एएसआई ने कथित तौर पर खुद को सर्विस राइफल से गोली मार ली। इस घटना की सूचना मिलने के बाद सीआरपीएफ के आला अधिकारी घायल एएसआई को लेकर कटरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, लेकिन सीने के पास गोली लगने से उनकी मौत हो गई। फिलहाल सीआरपीएफ ने मामले में जांच शुरू कर दी है। साथ ही मौत के सही कारणों का पता लगा जा रहा है कि आखिर राजनाथ प्रसाद ने खुदकुशी क्यों की।

### तुमकुर में भीषण सड़क हादसा, बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर मौत

**तुमकुर।** तुमकुर में सुबह जिला मुख्यालय शहर के ओबालापुर गेट के पास सुबह एक बाइक और ट्रैक्टर के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक अशोक मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। यह घटना मधुगिरी तालुक के कोराटागेरे रोड पर ओबालापुरा गेट के पास हुई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मोहम्मद आसिफ (12), मुमताज (38) और शाकिर हुसैन (48) के रूप में हुई है। ये सभी मधुगिरी तालुक के गुड्डेनहल्ली गांव के निवासी रहने वाले थे। तीनों व्यक्ति बाइक पर यात्रा कर रहे थे। तभी बाइक और ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। मौके पर ही बाइक सवार तीनों लोगों को मौत हो गई। दुर्घटना के संबंध में कोरा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### तमिलनाडु में राज्यपाल और सरकार के बीच बढ़ा तकरार, लगाए गए पोस्टर

**चेन्नई** । तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल आर.एन. रवि के बीच तनाव एक बार फिर से बढ़ता दिखाई दे रहा है। इस बार द्रमुक पार्टी ने राज्यपाल के खिलाफ चेन्नई में कुछ पोस्टर लगाए हैं। जिसकी भाषा अशोभनीय है। गेट आउट रवि जैसे पोस्टर लगाए हैं। खासकर चेन्नई पश्चिम जिले में लगाए गए पोस्टरों में राज्यपाल रवि और विपक्षी नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी के कार्टून दिखाए गए हैं। साथ ही लिखा कि तमिलनाडु में राज्यपाल अतिक्रमण कारी हैं और एआईएडीएमके के बीजेपी का फर्जी गठबंधन उन्हें बचाता है। वहीं, इससे पहले 6 जनवरी को तमिलनाडु विधानसभा में राज्यपाल आर.एन रवि राष्ट्रगान और संविधान का तिरस्कार किए जाने पर आपत्ति जताई थी।

---

कार्यक्रम में सीएम नायडू और उपमुख्यमंत्री भी मौजूद

# पीएम मोदी ने आंध्र को दी 2 लाख करोड़ रूपए की सौगात

**अमरावती/ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आंध्र प्रदेश को दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी। विशाखापत्तनम में आयोजित कार्यक्रम में पीएम परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें हरित हाइड्रोजन केंद्र और औषधि पार्क प्रमुखता से शामिल हैं। इससे पहले उन्होंने पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ विशाखापत्तनम में रोड शो किया। पिछले वर्ष लगातार तीसरी बार पीएम का पद संभालने के बाद यह मोदी का राज्य का पहला दौरा है। रोड शो के दौरान पीएम मोदी के साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण भी मौजूद रहे. रोड शो के दौरान सड़क के दोनों ओर लंबी कतारों में खड़े लोग प्रधानमंत्री के काफिले का उत्साहवर्धन करते और हाथ हिलाते हुए दिखाई दिए. रोड शो क दौरान पूरा मार्ग तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनसेना पार्टी के झंडों से सजा पटा हुआ था. बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में संपत विनायक मंदिर से शुरू होकर रोड शो आंध्र विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान में पहुंचा, जहां एक जनसभा का आयोजन किया गया. मोदी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर डिजिटल तरीके से कई परियोजनाओं की आधारशिला रखीऔर कुछ परियोजनाओं का उद्घाटन



किया. पीएम नरेंद्र मोदी जब आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम पहुंचे तो वहां एयरपोर्ट पर राज्यपाल एस अब्दुल नजीर, मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और अन्य गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया. प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के पास पुदीमदका में अत्याधुनिक एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ग्रीन हाइड्रोजन हब परियोजना की आधारशिला रखी. जो राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत पहला ग्रीन हाइड्रोजन हब है. इस परियोजना में लगभग 1,85,000 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है. पीएम मोदी ने कहा, आज यहां दो लाख करोड़ से ज्यादा की लागत की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। ये परियोजनाएं आंध्र प्रदेश के विकास को नई ऊंचाई देंगे। मैं इन विकास परियोजनाओं के लिए आंध्र प्रदेश सहित पूरे देश को बधाई देता हूं। आंध्र प्रदेश अपने नवाचार की प्रकृति के कारण आईटी और तकनीकी का इतना बड़ा केंद्र है। अब समय है आंध्र नई और भविष्य की तकनीकियों का केंद्र बने। जो तकनीकी विकसित हो रही है, हम अभी से उसमें आगे रहें। उन्होंने कहा, आज ग्रीन हाइड्रोजन एक उभरता हुआ क्षेत्र है।

### प्रवासी भारतीय सम्मेलन का कल करेंगे उद्घाटन...

प्रधानमंत्री बुधवार शाम को ओडिशा के लिए रवाना हो जाएंगे। पीएम वहां बृहस्पतिवार को 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में भाग लेने के लिए 50 से अधिक देशों से बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों ने पंजीकरण कराया है। एक दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी, प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। यह प्रवासियों भारतीयों के लिए एक विशेष पर्यटक ट्रेन है, जो दिल्ली के निजामुद्दीन से रवाना होगी और तीन सप्ताह की अवधि के लिए पर्यटन और धार्मिक महत्व के कई स्थलों की यात्रा

---

बिधूड़ी पर प्रियंका गांधी का पलटवार

## चुनाव के समय जनता के मुद्दों पर होनी चाहिए बात

**दिल्ली/ एजेंसी**

दिल्ली की कालकाजी विधान सभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी की ओर से की गई विवादित टिप्पणी पर कांग्रेस नेता और सांसद प्रियंका गांधी ने चुप्पी तोड़ी है। बुधवार को प्रियंका गांधी ने बिधूड़ी के बयान को फिज़ूल बताया है। साथ ही बोलीं कि चुनाव के दौरान हमें दिल्ली की जनता के मुद्दों पर बात करनी चाहिए। बिधूड़ी के बयान को लेकर तंज कसते हुए प्रियंका बोलीं कि कभी अपने गालों के बारे में उन्होंने बात नहीं की। यह सब बातें बेकार की हैं। साथ ही नसीहत देते हुए कहा कि चुनाव के दौरान अहम



मुद्दों पर बात होनी चाहिए। बीते 5 जनवरी को भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी को लेकर विवादित बयान दिया था। इसके बाद बिधूड़ी के बयान को लेकर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कड़ी नाराजगी जताई थी।

---

क्या पार्टी ने बदली रणनीति

# कांग्रेस ने 25 लाख रुपये के मुफ्त इलाज का किया वादा,लेकिन इस रणनीति से असमंजस में कार्यकर्ता

**नई दिल्ली/ एजेंसी**

कांग्रेस ने दिल्ली में बड़ी चुनावी वादा किया है। पार्टी ने कहा है कि दिल्ली में वह हर परिवार को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराएगी। पार्टी ने इसे 'जीवन रक्षा योजना' का नाम दिया है। राजस्थान में अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री रहते हुए इस तरह की योजना पेश की थी जो बहुत लोकप्रिय रही थी। कोरोना काल में लोगों का बेहतर इलाज कराने के लिए गहलोत सरकार ने 'भीलवाड़ा मॉडल' पेश किया था। अब उसी तर्ज पर कांग्रेस ने दिल्ली में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने का वादा किया गया है। इसे केजरीवाल-आतिशी सरकार के स्वास्थ्य मॉडल का बेहतर विकल्प बताया जा रहा है। इस योजना में लोगों के अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद घर पर स्वास्थ्य लाभ लेने के दौरान दवाओं का खर्च भी दिया जाता है। कांग्रेस का वादा है कि सत्ता में आने पर वह इसी तरह की सुविधा दिल्ली में भी हर परिवार को उपलब्ध कराएगी। कांग्रेस ने पहले कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बुलाकर दिल्ली में महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने का वादा किया था। इसे आम आदमी पार्टी के 2100 रुपये हर महीने देने के वादे का जवाब माना जा रहा था। आज पार्टी ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दिल्ली लाकर एक और बड़ी घोषणा करवा दी। पार्टी की इस रणनीति से वह दिल्ली की चुनावी लड़ाई में



मजबूत खिलाड़ी बनकर उभरती दिख रही है। खुद अशोक गहलोत ने इस योजना की घोषणा करते हुए कहा कि यह योजना लोगों को बहुत पसंद आएगी क्योंकि यह उन्हें बड़ी सुरक्षा प्रदान करेगी। लेकिन कांग्रेस एक साथ दोहरी रणनीति अपना रही है। एक तरफवह दिल्ली के मतदाताओं के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर वह उन्हें अपने पक्ष में मोड़ने में लगी है। वहीं पार्टी ने अघोषित तौर पर अरविंद केजरीवाल पर सीधे ज्यादा आक्रामक न होने की रणनीति अपना ली है। पार्टी के अंदरखाने इसे उसकी राष्ट्रीय राजनीतिक मजबूरी बताया जा रहा है। लेकिन दिल्ली के कार्यकर्ता ये कहने से गुरेज नहीं कर रहे हैं कि ऐसी स्थिति में दिल्ली में कांग्रेस को मजबूत करना असंभव हो जायेगा। कांग्रेस ने जिस तरह अजय माकन को सामने लाकर केजरीवाल पर आक्रामक चुनाव अभियान शुरू किया था, उससे अचानक ही दिल्ली के गरियारों में यह चर्चा होने लगी थी कि कांग्रेस अपनी खोई जमीन वापस पाने के लिए बेचैन है।

---

संजय राउत के दावे से महाराष्ट्र में सियासी हलचल तेज

## शरद पवार के सांसदों को तोड़ने की कोशिश में अजित गुट.........

**नई दिल्ली/ एजेंसी**

शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने दावा किया कि अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी प्रतिद्वंद्वी एनसीपी एसपी में दलबदल कराने की कोशिश कर रही है और उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह दिलाने का वादा कर रही है। इसके बाद पूरा मामले को लेकर सियासत तेज हो गई है। एनसीपी सांसद सुनील तटकरे द्वारा एनसीपी-एससीपी सांसदों से संपर्क करने की खबरों पर एनसीपी-एससीपी नेता रोहित पवार ने कहा कि समय मिलने पर वह उनसे संपर्क कर सकते है। वह एक सांसद



हैं। लेकिन यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि हमारी ओर से नकारात्मक प्रतिक्रिया थी। एनसीपी के फिर से एकजुट होने की संभावना पर रोहित पवार ने कहा कि अजित दादा और पवार साहब के निर्णय लेने तक केवल बातचीत होगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर कुछ भी होना है, तो इन दोनों नेताओं के निर्णय लेने के बाद ही होगा। वहीं, संजय राउत की यह टिप्पणी राकांपा नेता अमोल मिटकरी के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के कुछ लोकसभा सदस्य महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के संपर्क में हैं। राकांपा (सपा) विधायक और पूर्व राज्य मंत्री जितेंद्र अवहाद ने यह भी आरोप लगाया कि अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के राज्य प्रमुख सुनील तटकरे ने प्रतिद्वंद्वी गुट के सांसदों से पिता और बेटी को छोड़ने के लिए कहा था।

---

### फीट गहरी कोयला खदान में भरा पानी 9 मजदूर फंसे

**गुवाहाटी।** असम के दीमा हसाओ जिले में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां 300 फीट गहरी कोयला खदान में पानी घुसने के बाद 9 मजदूर फंस गए हैं। भारतीय सेना ने मजदूरों को बचाने के लिए एक रिलीफ टास्क फोर्स की तैनाती की है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने फंसे हुए मजदूरों को बचाने के लिए सेना से सहायता मांगी। एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने कहा, भारतीय सेना ने असम के दीमा हसाओ जिले के सुदूर औद्योगिक शहर उमरंगशु में फंसे खनिकों को बचाने के लिए एक राहत कार्य बल तैनात किया है। टास्क फोर्स गोताखोरों, सैपर्स और अन्य आवश्यक चीजों से लैस है। अधिकारी ने कहा, राहत टास्क फोर्स में गोताखोरों, सैपर्स और अन्य संबंधित कर्मियों जैसे विशेषज्ञ शामिल हैं।

---

दिल्ली में अलग-थलग पड़ी कांग्रेस

## अरविंद केजरीवाल को मिला इंडिया ब्लॉक का समर्थन

**नई दिल्ली/ एजेंसी**

दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले इंडिया गुट की एकता कमजोर होती दिख रही है। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बुधवार को 5 फरवरी को होने वाले आगामी चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन दे दिया है। टीएमसी का समर्थन एक दिन बाद आया है अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय राजधानी में भगवा खेमे के खिलाफ आप को समर्थन की पेशकश की। विशेष रूप से, कांग्रेस और आप राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लॉक का हिस्सा हैं,



लेकिन वे दिल्ली चुनाव में एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी की सभी 70 विधानसभा सीटों पर भी चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा, सूत्रों ने बताया कि शिव सेना (यूबीटी) अगले कुछ दिनों में अरविंद केजरीवाल और आप के समर्थन में प्रचार करने की योजना बना रही है। केजरीवाल उद्धव ठाकरे के संपर्क में हैं। विशेष रूप से,आप ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन करने के बाद आगामी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का विकल्प चुना है। सत्तारूढ़ आप ने 2015 और 2020 के चुनावों में क्रमश: 67 और 62 सीटों के साथ जीत हासिल की और राजधानी में हैट्रिक बनाने का लक्ष्य रखा है। एक्स पर एक पोस्ट में, केजरीवाल ने कहा कि वह आप को समर्थन देने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के व्यक्तिगत रूप से आभारी हैं।

---

जनता को प्रधानमंत्री का राजमहल दिखाएं

# पीएम आवास देखने पर अड़े संजय और भारद्वाज,धरने पर बैठे

**नई दिल्ली/एजेंसी**

अंतिम मतदाता सूची जारी होने के एक दिन बाद मंगलवार को चुनाव आयोग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। अब सत्ता संग्राम की सियासी जंग शुरू हो गई है। दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव आयोग ने कल चुनाव की तारीख की घोषणा की थी। दिल्ली में 5 फरवरी को एक चरण में चुनाव होगा और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। इस बीच दिल्ली में 'शीशमहल' मामले को लेकर सियासत गर्म है। जहां भाजपा इस मामले को लेकर भाजपा आम आदमी पार्टी को घेरने में लगी है वहीं आप नेता संजय सिंह ने भाजपा के नेताओं को खुली चुनौती दी। आप सांसद संजय सिंह ने 2700 करोड़ रुपये में बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आलीशान राजमहल को भाजपा को दिखाने की चुनौती दी। संजय सिंह ने भाजपा से मांग की है कि वह पीएम का राजमहल दिखाएं। संजय सिंह ने कहा था कि वे आज मीडिया के साथ पहले मुख्यमंत्री आवास जाएंगे। उसके बाद प्रधानमंत्री का आवास देखने जाएंगे। आप नेता संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज दिल्ली सीएम आवास पहुंचे। सीएम आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई। आप नेताओं को सीएम आवास में जाने से पुलिस ने रोक दिया। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आप सांसद संजय सिंह की मुख्यमंत्री आवास के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ तीखी नोकझोंक हुई। मुख्यमंत्री आवास के बाहर पुलिस बैरिकेडिंग लगा दी गई है और भारी




सुरक्षा बल तैनात किया गया है। आप नेता संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज धरने पर बैठ गए। सीएम आवास में अंदर जाने से रोके जाने के बाद आप नेता संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज पीएम आवास के लिए निकले। रास्ते में पुलिस ने उन्हें रोक लिया। जिसके बाद पुलिस और आप नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। दोनों आप नेता प्रधानमंत्री आवास के पास धरने पर बैठ गए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमें भाजपा की पुलिस रोक रही है। सवाल यह है कि वे क्यों नहीं चाहते कि जनता प्रधानमंत्री का आवास देखे। वहीं, संजय सिंह ने कहा कि आज भाजपा ने हमें रोककर साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री आवास में 12-12 करोड़ की गाड़ियां, 5,000 सूट, 200 करोड़ के झूमर, लाखों के पेन और करोड़ों की कालीनें हैं। संजय सिंह का आरोप है कि पीएम मोदी के 2,700 करोड़ रुपये में बने राजमहल में 300 करोड़ की कालीन बिछी हुई है। 200 करोड़ का झूमर लगा है और वह 10-10 लाख के पेन, 6,700 जोड़ी जूते व 5,000 सूट का इस्तेमाल करते हैं। हम यह चाहते हैं कि दिल्ली और देश के लोगों को सच्चाई पता पता चले। वहीं, दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री आवास सरकारी पैसे से बने हैं तो आज मीडिया के जरिए लोगों को दोनों भवनों के दर्शन करवा दिए जाएं।

### सीएम को तीन महीने में दूसरी बार आवास से निकाला: केजरीवाल

आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल का आरोप है कि तीन महीने में दूसरी बार भाजपा ने आतिशी को फिर से मुख्यमंत्री आवास से निकाल दिया। भाजपा दिल्ली का चुनाव बुरी तरह से हार रही है। इस कारण बौखलाहट में भाजपा नेता इस तरह की गंदी राजनीति पर उतर आए हैं। वहीं, आतिशी ने कहा कि उनको पहली बार घर से निकाला तो उन्होंने दिल्ली की सड़कें ठीक करवाई, फ्लाईओवर बनवाए, अनेक नए स्कूल बनवाए, मोहल्ला क्लीनिक में रुके हुए टेस्ट-दवाएं शुरू करवाई। इस बार महिलाओं को 2100 रुपये, बुजुर्गों को मुफ्त इलाज और पुजारियों-ग्रंथियों को 18 हजार रुपये की सम्मान राशि दिलवाई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही शांतिपूर्ण सम्पन्न

**बलोदा बजार (समय दर्शन)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन श्री दीपक सोनी की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024- 25 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद अध्यक्ष पद हेतु प्रवर्गवार सीटों की आरक्षण की कार्यवाही राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

जिला पंचायत बलौदाबाजार भाटापारा मे जिला पंचायत सदस्य के कुल 18 निर्वाचन क्षेत्रों हेतु प्रवर्गवार आरक्षण लॉटरी पद्धति से की गई जिसमें क्षेत्र क्रमांक 1 व 9 अनुसूचित जाति महिला,क्षेत्र क्रमांक 13 व 14 अनुसूचित जाति मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 16 व 17 अनुसूचित जनजाति महिला एवं क्षेत्र क्रमांक 6 अनुसूचित जनजाति मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 12 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त एवं क्षेत्र क्रमांक 15अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, क्षेत्र क्रमांक 2,7,8,11,18 सामान्य महिला एवं क्षेत्र क्रमांक 3,4,5,व 10 सामान्य मुक्त शामिल हैं।


इसीतरह जिले के कुल 5 जनपद पंचायतों मे अध्यक्ष पद हेतु आरक्षण की कार्यवाही की गई जिसमें जनपद पंचायत भाटापारा अनुसूचित जाति महिला, जनपद पंचायत कसडोल अनुसूचित जनजाति महिला, जनपद पंचायत बलौदाबाजार व पलारी सामान्य महिला एवं जनपद पंचायत सिमगा सामान्य मुक्त शामिल है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, उप संचालक पंचायत सुरेश कुमार कंवर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### राजिम मेला स्थल मे होगा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन, पंजीयन की अंतिम तिथि 05 फरवरी

#### वधु को मिलेगा 35 हजार रूपये का चेक

**गरियाबंद/** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजिम मेला स्थल मे विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया जाना है। पंजीयन की अंतिम तिथि 05 फरवरी 2025 है। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जायेगा। इच्छुक माता-पिता 05 फरवरी तक अपने बेटे व बेटी की शादी के लिए संबंधित क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय के माध्यम से विवाह का पंजीयन करा सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा। विवाह हेतु लड़की का उम्र 05 फरवरी 2025 की स्थिति मे 18 वर्ष तथा लड़के का उम्र 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। लड़की मूलतः छत्तीसगढ़ की निवासी होनी चाहिये, विवाह पंजीयन हेतु लड़के लड़की की शैक्षणिक योग्यता, आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, एवं माता पिता की सहमति अनिवार्य होगी। पूर्व मे योजनान्तर्गत 21 हजार रूपये का चेक प्रदाय किया जाता था जिसे बढ़ाकर वधु को अब 35 हजार रूपये का चेक प्रदाय किया जायेगा, 7000 श्रृंगार सामग्री व इसी अनुक्रम मे 8000 विवाह आयोजन मंडप इत्यादि मे व्यय किया जाना है। चेक का वितरण विवाह आयोजन स्थल में ही किया जायेगा जिस हेतु वधु अपने बैंक पासबुक की छायाप्रति साथ लावें जिससे तत्काल चेक तैयार कर वितरण करने में सहायक होगा। कन्या मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजनांतर्गत जारी राशन कार्ड धारित परिवार की होनी चाहिये। किंतु बीपीएल के अतिरिक्त अन्य कार्डधारी की भी पात्रता होगी। विधवा व परित्यक्ता महिलाओं को भी इस योजना के तहत लाभान्वित किया जावेगा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत विकलांग कन्या को समाज कल्याण विभाग के अतिरिक्त महिला बाल विकास विभाग से भी योजना का लाभ दिया जावेगा। इसके अतिरिक्त अन्तर्जातीय विवाह का लाभ इस योजना के अतिरिक्त आदिम जाति विकास विभाग से प्रदाय किया जायेगा। जिला प्रशासन द्वारा समस्त नागरिकों से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का प्रचार प्रसार करते हुये निर्धन परिवारों की कन्याओं को अधिक से अधिक लाभ दिलाने हेतु प्रोत्साहित करने हेतु आग्रह किया गया है।

### वरिष्ठ पत्रकार डोमार सिंह चन्द्राकर का निधन



**दुर्ग।** पंचशील नगर वार्ड 01 निवासी वरिष्ठ पत्रकार डोमार सिंह चन्द्राकर 75 वर्ष का बुधवार को सुबह निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में किया गया। उनके निधन पर प्रेस क्लब दुर्ग ने शोक व्यक्त किया ।

# नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने वरिष्ठ नेताओं से की भेंट

### वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं के सहयोग से दुर्ग में भाजपा को और मजबूत बनाएंगे- सुरेंद्र कौशिक



**दुर्ग (समय दर्शन)।** दुर्ग जिला भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने अपने नियुक्ति के पश्चात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय, जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल, दुर्ग जिले के वरिष्ठ नेताओं में सांसद विजय बघेल, निवर्तमान जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक गजेन्द्र यादव से सौजन्य भेंट की। चंडी शीतला मंडल के अंतर्गत आने वाले चंडी मंदिर और पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया साथ ही मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से भेंट की तत्पश्चात दूसरे दिन बोरसी मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उनके आवास में जाकर उनसे मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कहा कि पार्टी ने हमेशा से हर कार्यकर्ता की प्रतिभा और कार्यक्षमता के अनुरूप अवसर प्रदान किया है और मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। निश्चित तौर पर आज दुर्ग जिले में पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं के दम पर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, निवृतमान जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने विपक्ष के दौर में पार्टी को बहुत अधिक मजबूती प्रदान की और शासन में आने के बाद भी अपनी कार्यकुशलता एवं नेतृत्व क्षमता के आधार पर दुर्ग जिले में भारतीय जनता पार्टी ने इतिहास बनाया।

श्री कौशिक ने आगे कहा कि मुझे पार्टी ने अवसर प्रदान किया है, वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और जिले और मंडल के पदाधिकारी-कार्यकर्ता, शक्ति केंद्र व बूथ स्तर के कार्यकर्ता सभी के सहयोग और परिश्रम से दुर्ग जिले में पार्टी को और अधिक मजबूत बनाएंगे। आगामी दिनों में होने वाली नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी पार्टी का परचम लहराएगा। उन्होंने कहा कि जो चुनाव आने वाले हैं, वे कार्यकर्ता के चुनाव है, इसमें हर कार्यकर्ता टिकट प्राप्त कर ले ऐसा संभव नहीं है। शीर्ष नेतृत्व के द्वारा जिसे भी टिकट दिया जाएगा उसे हर कार्यकर्ता जीता कर लाने के लिए तैयार रहें।

## जल जीवन मिशन ग्राम भटगांव के लिए एक वरदान



**दुर्ग/ समय दर्शन)।** जल जीवन मिशन योजना के तहत जिले में पेयजल को आम लोगां तक आसानी से पहुंचाने के साथ ही दीर्घकालिक जल स्त्रोतों का निर्माण, जल संरक्षण, प्रदूषण रहित जल की पहचान, जल प्रबंधन आदि की कार्य योजना पर कार्य किया जा रहा है। इस मिशन के तहत जल आपूर्ति की बुनियादी और विश्वसनीय सुविधाओं का विकास करना है। जिले के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रां, स्वास्थ्य केन्द्रों, कल्याण केन्द्रों, सामुदायिक भवनों जैसे महत्वपूर्ण स्थलों तक जलापूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। स्कीम का लाभ लेने के लिए हर घर में नल कनेक्शन दिया जा रहा है। अब उन्हें पीने का पानी लेने के लिए कहीं दूर नहीं जाना पड़ रहा है, जिससे लाभार्थियों के समय की भी बचत हो रही है। इस मिशन के माध्यम से जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। इस महत्वपूर्ण मिशन का लाभ दुर्ग जिले के दुर्ग विकासखंड के ग्राम भटगांव को मिला। ग्राम भटगांव दुर्ग से लगभग 10 कि.मी. की दूरी में है। भटगांव निवासी दिव्यांग श्री धरम यादव उम्र 36 साल को पीने के पानी के लिए बाहर जाना पड़ता था। घर में महिला का न होना ऊपर से शारीरिक विकलांगता की वजह से पानी को भरकर लाने में बहुत समस्या होती थी। धरम ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत घर में नल कनेक्शन लगने से बड़ी सुविधा मिली। अब उन्हें पानी के लिए लम्बी दूरी तय नही करना पड़ता है। नल से निरंतर पानी मिलने से वह बहुत खुश है। भटगांव की शिक्षिका श्रीमती जागेश्वरी वर्मा ने बताया कि स्कूल में जल जीवन मिशन का शुद्ध जल प्राप्त होने से बच्चों को विभिन्न जल जनित बीमारियों से राहत मिली। साथ ही मध्यान्ह भोजन के पश्चात बच्चों को स्वच्छ जल बर्तन साफ करने के लिए प्राप्त हो रहा है। स्वच्छ जल का सेवन एक स्वस्थ और सुरक्षित जीवन का आधार है।

## कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय तरीके से मनाने अधिकारियों की ली बैठक

### जिला स्तरीय समारोह में स्कूली बच्चे देशभक्ति एवं संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम की देंगे प्रस्तुति



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी समारोह की तैयारी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने गणतंत्र दिवस समारोह की सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभाग प्रमुखों को सौंपे जाने वाले दायित्वों के बारे में सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया।बैठक में कलेक्टर ने जिले में गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में परेड,स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम,विभागों के झांकी प्रदर्शनी जैसे अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समारोह के सफल आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्था,मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था,बेरिकेडिंग,साज सज्जा,परिवहन, पेयजल,विद्युत व्यवस्था,पुरस्कार,निमंत्रण पत्र,प्रशस्ति पत्र,जैसे विभिन्न कार्यों का विभाग प्रमुखों को दायित्व सौंपते हुए तय समय में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव,अपर कलेक्टर द्वय अरविंद पाण्डेय, प्रकाश राजपूत,नवीन भगत सहित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर ने बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय कार्यालयों व मुख्य समारोह में राष्ट्र ध्वज संहिता का पालन करते हुए पूरी गरिमा और सम्मान के साथ राष्ट्रध्वज फहराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन पुलिस लाइन परेड ग्राउंड गरियाबंद में किया जाएगा।यहां सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा।

## कार्यस्थल पर महिला श्रमिकों के उत्पीड़न पर कार्रवाई हेतु केएमएस द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य से की गई मांग



**दंतेवाड़ा** किरंदुल. खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी भीमा मंडावी से सौजन्य भेंट करते हुए उन्हें सविस्तार जानकारी दी कि एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में कार्यरत महिला श्रमिकों द्वारा राष्ट्र हित, उद्योग हित, मजदूर हित के आदर्श पर चलने वाली विश्व की सबसे बड़ी श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध किरंदुल शाखा की खदान मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण करने पर अन्य विचारधारा से प्रभावित एक श्रमिक नेता के इशारे पर कार्य से निकलवाने, अपने यूनियन के अन्य ठेका श्रमिक को उनके कार्यस्थल पर भेजकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने, ऽइनसे नाली में उतरवाकर काम करवाओऽ ऐसा कहलवाने, मुंशी को भेजकर नगद भुगतान लेकर कल से काम में मत आना ऐसा कहलवाने वालों तथा निदेशित करने वाले कतिपय श्रमिक नेता तथा यूनियन बदलने पर अपने पदाधिकारियों से फोन करवाकर धमकी दी जा रही है। इस बात को संज्ञान में लेकर फिलहाल परियोजना के अधिकारियों को समझाईश दे दी गई है की इसकी पुनरावृत्ति न हो। किंतु आगे आवश्यकता पड़ने पर श्रमिक महिलाओं द्वारा आवेदन देने पर उस पर प्राथमिकता देते हुए ऐसे कृत्यों में संलग्न श्रमिक नेता, ठेका श्रमिक, मुंशी, एवं प्रश्रय देने वाले अधिकारियों पर विधिसम्मत कठोर से कठोरतम कार्रवाई की मांग की है, जिस पर ओजस्वी भीमा मंडावी द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न को रोकने एवं उन्हें उनका अधिकार दिलाने हेतु सदैव साथ देने बाबत आश्वस्त किया तथा शीघ्र ही किरंदुल परियोजना दौरे की बात कही है। इस अवसर पर खदान मजदूर संघ (सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ) शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, सचिव महेन्द्र कुमार, राजेंद्र यादव उपस्थित थे।

## फाइलेरिया एवं कृमि मुक्ति सामूहिक दवा सेवन अभियान हेतु प्रशिक्षण एवं कार्यशाला संपन्न



**खैरागढ़।** जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में फाइलेरिया एवं कृमि मुक्ति सामूहिक दवा सेवन अभियान हेतु प्रशिक्षण एवं कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. आशीष शर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विवेक बिसेन तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. मनोज तथा सहयोगी संस्था पीसीआई इंडिया के. रोहित, टेक्निकल, सुपरवाइजर विवेक मेश्राम, बीईटीओ केपी साहू, डीएल सोनी द्वारा जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, सेक्टर पर्यवेक्षकों, विकासखंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारियों तथा बिहान कार्यक्रम के विकासखंड प्रबंधकों तथा मितानिन कार्यक्रम के जिला एवं विकासखंड समन्वयकों को जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। जिले खैरागढ़ छुईखदान गंडई को फाइलेरिया मुक्त बनाने विस्तृत कार्ययोजना बनाकर कार्य करने निर्देशित किया गया।

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर दिनांक 10 फरवरी से डीईसी और एलबेंडाजोल की गोली शासकीय, अशासकीय स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्रामों के घरों में तथा अस्पतालों में चरणबद्ध अभियान के तहत खिलाई जाएगी। हाथीपांव से ग्रसित हितधारक रोगियों को एमएमडीपी के तहत किट भी प्रदाय की जाएगी।

# पानी के एक-एक बूंद के लिए तरस रहे वार्डवासी : कुलबीर सिंह छाबड़ा



**राजनांदगांव।** ठंड के मौसम में भी निगम अपनी क्षेत्र की जनता का प्यास बुझाने में पूरी तरह विफल नजर आ रही है। वार्ड 11, 12 के अलावा शहर के अन्य वार्डों में विगत सप्ताह भर से एक-एक बूंद पानी के लिए जनता को जदोजहद करना पड़ रहा है। वार्ड पार्षदों द्वारा लगातार इसकी शिकायत करने के बाद भी कोई उचित निराकरण नहीं कर पा रही है, जिसको लेकर 8 जनवरी को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली के नेतृत्व में वार्ड 11 व 12 के वार्डवासी पानी के डब्बे लेकर निगम पहुंचकर घेराव किया एवं ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द पानी की समस्या दूर करने की बात कहीं, नहीं तो आने वाले दिनों में स्थानीय विधायक का पुतला दहन करने की चेतावनी अफसरों को दी है।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने ज्ञापन सौंपते हुए अफसरों को चेताते हुए कहा कि गर्मी तो छोड़ा अभी तो ठंड का मौसम चल रहा है और इस मौसम में ही वार्ड क्रमांक 11 व 12 स्टेशन पारा के अलावा शहर के अन्य वार्डों में पानीं की समस्या हो रही है, नलों में पानी नहीं के बराबर आ रहा है, जिसके कारण जनता को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है, किन्तु निगम प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है। अमृत मिशन योजना पूरी तरह से फेल हो चुकी है। वहीं स्थानीय विधायक व 15 साल के मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के क्षेत्र में पानी समस्या हो रही है यह बड़े ही शर्मनाक बात है। जल्द ही इस पर निराकरण नहीं होता है, तो आगामी दिनों में स्थानीय विधायक को जगाने के लिए उनका पुतला दहन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी। उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफअली ने कहा कि वार्ड में पानी की भारी समस्या हो रही है, एक डब्बा तक नल से पानी नहीं आ रहा है। वहीं वार्ड सभी नलकूप व सबमर्सिल बंद पड़े है, जिसको लेकर मेरे द्वारा निगम में कई बार मौखिक व लिखित जानकारी देने के बावजूद भी समस्या यथावत बनी हुई है। निगम अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द ही ज्वलंतशील समस्या का उचित निराकरण नहीं हुआ, तो आगामी दिनों में वार्डवासियों के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे, वहीं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह का पुतला दहन किया जाएगा।

इस दौरान प्रमुख रूप से पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, विनय झा, मधुकर वंजारी, महेश साहू, मनीष साहू, ऋषि शास्त्री, अवधेश प्रजापति, सचिन टूरहाटे, राजेश सेवता, दीनू साहू, कृष्णा मेश्राम, विशाल गढ़े, गोलू नायक, शैलेष ठावरे, मनीष श्यामकर, तन्नू, मोना गढ़े, शारदा, कशतुरा गढ़े, विशाल, शालू, उमाबाई, शारदा बाई, करीमा, रेणु जांगड़े, सविता बाई, लीला बाई, रेखा, देवन बाई, सुधा, उषमाकला मेश्राम, गीता टेम्भुकर, आनंदा बोरकर, संगीता, नेहा, जयश्री रंगारी, कमलेश मेश्राम, विशाल भेलोरकर सहित बड़ी सख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

सार समाचार

## अवैध रूप से शराब का परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** जिले की मंदिर हसौद पुलिस ने अवैध रूप से शराब का परिहवहन करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 32 पौवा देशी शराब जब्त किया है। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स तथा आबाकरी एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में दिनांक 07.01.2025 को सूचना प्राप्त हुई कि मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत ग्राम चंदखुरी बस्ती पास दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा कहीं जाने के फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये दोपहिया वाहन एवं हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम नंद कुमार धीवर निवासी मंदिर हसौद रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में देशी शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने एवं परिवहन करने के संबंध में नंद कुमार धीवर से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा टीम के सदस्यों को किसी प्रकार को काई भी दस्तावेज प्रस्तुत न कर गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी नंद कुमार धीवर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी शराब कुल 32 पौवा एवं घटना में प्रयुक्त दोपहिया वाहन जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

## खेत से 40 हजार का सामान पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** ग्राम टीला खार नवापारा में लगे सबमर्सिबल पंप और केबल वायर को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सालिकराम पटेल 66 वर्ष ग्राम टीला नवापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके खेत में लगे सबमर्सिबल पंप और केबल वायर को पार कर दिया। चोरी गए सामान की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

राजभवन में मनाया गया कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर व लद्दाख का स्थापना दिवस

# हर राज्य की अपनी एक विशिष्ट पहचान है : राज्यपाल डेका



**रायपुर( समय दर्शन )।** राजभवन में 7 जनवरी को कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू व कश्मीर और लद्दाख राज्यों का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि भारत विभिन्न रंगों के अनेक पुष्पों की एक माला है। हर राज्य की अपनी एक अलग पहचान है। इन राज्यों के लोग अपनी विशिष्ट पहचान के साथ छत्तीसगढ़ में निवास करते हुए व्यवसाय या नौकरी कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू की गई केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक-दूसरे राज्यों का स्थापना दिवस मना रहे हैं। इसी कड़ी में राजभवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू व कश्मीर और लद्दाख राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि इस कार्यक्रम के पीछे का विचार, विभिन्न राज्यों की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और प्रथाओं के ज्ञान का आदान-प्रदान करना है, जो आपसी समझ और सद्भाव को बढ़ावा देगा, जिससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत होगी। इस परिप्रेक्ष्य में आज का कार्यक्रम एक गौरवपूर्ण क्षण है। राज्यपाल डेका ने कहा कि हर राज्य का स्थापना दिवस, उस राज्य के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन होता है। राज्य की समृद्धि और विकास का गवाह यह दिन हमें अपने राज्य की स्थापना के मूल उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का रास्ता दिखाता है। उन्होंने कहा कि इन राज्यों का स्थापना दिवस, केवल उनके विकास की यात्रा का उत्सव नहीं है बल्कि भारत की विविधता और एकता का प्रतीक है।

# कलेक्टर गौरव सिंह ने सुनी लोगों की समस्याएं



**रायपुर( समय दर्शन )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्टोरेट परिसर के रेडक्रॉस सोसायटी सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूर-दराज से आम लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर डॉ. सिंह ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान 24 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर एसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर जनदर्शन में राजेंद्र नगर निवासी गोविंद मिश्रा ने तालाब की जमीन पर हुए बेजा कब्जा को खाली कराने, कुथरेल धरसींवा निवासी गजानंद साहू ने पीएम आवास की राशि नहीं प्राप्त होने, अकोली निवासी सुरेश कुमार दीवान ने जर्जर रंगमंच को तोडने व खेल मैदान के लिए जमीन अधिग्रहण, गुढियारी निवासी परिवेश ठाकरे ने मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट लगवाने के आवेदन दिया। इसी तरह अन्य क्षेत्रों से पहुंचकर लोगों ने अपने आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए।

# बैंकिंग सेक्टर में ग्राहक सुविधा सर्वोपरी - के.एन. कांडे




### अपेक्स बैंक में नवनियुक्त एम्प्लाइज का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**रायपुर( समय दर्शन )।** अपेक्स बैंक द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी प्रशिक्षण संस्थान पंडरी रायपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आज से शुरू हो गया है। प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ कोआपरेटिव्ह व अपेक्स बैंक के ज्वाइंट कमिश्नर व प्रबंध संचालक के एन कान्डे ने किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर व अपेक्स बैंक के डीजीएम भूपेश चंद्रवंशी तथा डिप्टी डायरेक्टर व प्रबंधक ए के लहरे उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक के एन कान्डे ने नवनियुक्त सहायक प्रबंधको, सामान्य सहायको तथा कार्यालय सहायकों को संबोधित करते हुए कहा कि बैंकिंग सेक्टर में ग्राहक सुविधा सर्वोपरी है। छत्तीसगढ़ के किसान सीधे कोआपरेटिव्ह बैंकों तथा पैक्स सोसाइटियों से जुड़े है। किसानों की खेतीगत ऋण आवश्यकताओं की पूर्ति कोआपरेटिव्ह बैंको से होती है। कोआपरेटिव्ह बैंको से खरीफ तथा रबी फसलों के अलावा डेयरी, मत्स्य, लाख पालन तथा उद्यानिकी लिए ब्याज मुक्त कृषि ऋण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पहल पर छत्तीसगढ़ में 'सहकार से समृद्धि' की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में नवगठित पैक्स सोसाइटी, डेयरी तथा मत्स्य सोसाइटियों का पंजीयन किया जा चुका है। यह समय धान खरीदी का है। किसानों को धान खरीदी की राशि का आनलाइन भुगतान हमारे बैंकों से होता है। किसानों को भुगतान में किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए साथ ही बैंक के हितग्राहियों व किसानों से यथोचित सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए।

# निकाय चुनावों में पिछली जीत का रिकार्ड तोड़ेंगे : कांग्रेस

**रायपुर( समय दर्शन )।** नगरीय निकाय चुनावों के लिये नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में आरक्षण की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने दावा किया है, कांग्रेस ने इन स्थानीय निकाय के चुनावों में न सिर्फ अपनी पिछली जीत दोहरायेगी, अबकी बार और अधिक निकाय क्षेत्रों में कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव जीत कर आयेंगे। सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पिछले चुनाव में कांग्रेस ने अधिकांश नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में जीत हासिल



किया था। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के खिलाफ वातारण है। लोग प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था, रोज हो रही हत्याओं, बलात्कार, लूट, चाकूबाजी की घटनाओं के कारण सरकार से निराश है, भाजपा की साय सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में जनता को निराश किया है। विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने जनता से जो वादा किया था, एक साल में उसको पूरा नहीं किया है। न 500 रू. सिलेंडर देने का वादा पूरा किया और न ही 18 लाख आवास देने का वादा पूरा किया। भाजपा राज में बिजली के दाम बढ़ गये है। कांग्रेस शासनकाल में 400 यूनिट तक बिजली के दामों में 50 प्रतिशत छूट को भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश है, जनता भाजपा के खिलाफ निकाय चुनावों में मतदान करेगी।

## पीएचसी के लिए आरक्षित जमीन से हटाया गया बेजा कब्जा

**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर जिले में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाईयां तेज कर दी गई हैं। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने भी समय सीमा की साप्ताहिक बैठकों में शासकीय जमीनों पर अवैध रूप से किए गए कब्जों को हटाने में तेजी लाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए है। इसी क्रम में मंगलवार को तहसीलदार पवन कोसमा ने दतरेंगा और डोमा ग्राम पंचायतों में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। तहसीलदार की मौजूदगी में ग्राम पंचायत दतरेंगा में सरकारी जमीन पर नियम विरूद्व बनाई गई बाउड्रीवाल को जेसीबी मशीन से गिरा दिया गया । वहीं ग्राम डोमा में तालाब के ऊपर किए जा रहे अवैध कब्जे को भी हटा दिया गया। इस दौरान क्षेत्र के पटवारी, ग्राम पंचायतों के सरपंचों के साथ अन्य राजस्व अमला भी मौजूद रहा। तहसीलदार कोसमा ने बताया कि ग्राम दतरेंगा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए आरक्षित की गई शासकीय भूमि पर पंजवानी नाम के व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा था। इस भूमि पर पंजवानी ने अवैध रूप से बाउड्रीवाल भी खडी कर ली थी। तहसीलदार द्वारा इस अवैध कब्जे के खिलाफ पंजवानी को नोटिस जारी कर उसे हटाने के निर्देश दिए गए थे। तहसीलदार ने यह भी बताया कि जारी नोटिस के बाद भी पंजवानी ने अवैध कब्जा नहीं हटाया। लगभग 50 डिसमिल शासकीय भूमि को घेरकर बनाई गई बाउड्रीवाल को आज जेसीबी मशीन से गिराकर कब्जामुक्त कर दिया गया है। अब इस भूमि पर लोगों की सुविधा के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बन सकेगा। तहसीलदार ने डोमा गांव में भी तालाब के किनारे ग्रामीणों द्वारा सीमेंट पोल गडाकर तार से घेरा बना शासकीय जमीन पर किए जा रहे कब्जे को हटवाया।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में अपने आवास पर किसानों से बातचीत की.



## छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सबसे ज्यादा ठंड सरगुजा संभाग में है। पूरे संभाग में शीतलहर चल रही है। प्रदेश में अगले दो दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी, जिससे ठंडी और बढ़ेगी। हालांकि अभी दो दिनों तक प्रदेश के न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। वहीं सोमवार को प्रदेश में सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा। यहां 7.1 डिग्री न्यून्यतम तापमान दर्ज किया गया है। वहीं अधिकतम तापमान दुर्ग में 30.6 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट होने की संभावना है। इससे प्रदेश में ठंड में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही आउटर इलाकों में कोहरा छाए रहन के साथ ही कड़ाके की ठंड और ठिठुरन का अहसास होने वाला है। हालांकि अभी दो दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। मौसम में बदलाव नहीं होगा। दो दिनों के बाद मौसम मी बदलाव होगा।

# आश्रम-छात्रावासों में 'स्वच्छ परिसर स्वच्छ जीवन' अभियान चलाया जाए : प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा

### प्रमुख सचिव ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा

**रायपुर( समय दर्शन )।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सानमणि बोरा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आश्रम-छात्रावासों में साफ-सफाई के लिए 'स्वच्छ परिसर स्वच्छ जीवन' अभियान चलाया जाए। उन्होंने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार, पीएम जनमन एवं धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा कर करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के तहत पात्र हितग्राही योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे इसका भी विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। बैठक नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में आयुक्त पी.एस.एल्मा, अपर संचालक संजय गौड़ सहित सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। प्रमुख




सचिव ने कहा कि छात्रावास आश्रमों में प्राप्त सामग्री के उपयोग से पूर्व निर्माण एवं क्रय समिति से अनुमोदन के साथ ही सामग्री का भौतिक सत्यापन भी कराया जाए। उन्होंने सहायक आयुक्तों को अनुदान प्राप्त शासकीय संस्थाओं की हर चार माह में बैठक लेने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास-आश्रमों की साफ-सफाई के संबंध में ष्स्वच्छ परिसर स्वच्छ जीवनष् अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। इस अभियान के अंतर्गत छात्रावास-आश्रमों में स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ रसोई घर, बच्चों की क्लासरूम एवं शयन कक्ष में साफ सफाई, परिसर में साफ सफाई, किचन गार्डन एवं परिसर में डी.डी.टी. का छिड़काव इत्यादि व्यवस्थाएं किया जाना है। इसके अलावा बच्चों को टीकाकरण, सिकलसेल जांच, मलेरिया जांच, एनीमिया जांच एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु भर्ती की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में प्रवेश बढ़ाने के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। पीवीटीजी समुदाय का कोई भी बच्चा शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित नहीं रहना चाहिए, इसका पूर्ण ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों में पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए और सहायक आयुक्त एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव बोरा द्वारा टीआरटीआई परिसर में निर्माणाधीन शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का भी निरीक्षण किया गया उन्होंने कार्य की अपेक्षित प्रगति ना होने पर निर्माण एंजेसी के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को पूर्ण गुणवत्ता सहित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# संपादकीय

## निर्वाचन आयोग बिल्कुल बेफिक्र

अपने ताजा कदम से आयोग ने यही पैगाम दिया है कि जिसे जो सोचना हो, सोचता रहे- उसे उसकी कोई परवाह नहीं है। जाहिर है, जिस रेफरी को अपनी निष्पक्ष छवि की परवाह हो, वह ऐसा नजरिया नहीं अपना सकता। भारतीय निर्वाचन आयोग की साख पर पहले से कई सवाल हैं, जिन्हें वह सिरे से नजरअंदाज करता आया है। अब उसके एक ताजा कदम से ये सवाल और गहरे होंगे। इस कदम से आयोग ने यही पैगाम दिया है कि जिसे जो सोचना हो, सोचता रहे- उसे उसकी कोई परवाह नहीं है। जाहिर है, जिस रेफरी को अपनी निष्पक्ष छवि की परवाह हो, वह ऐसा नजरिया नहीं अपना सकता। अब आयोग से यह भी पूछा जाएगा कि वह अपने विवेक से ऐसे निर्णय लेता है, इसके लिए उस पर कोई दबाव है? आखिरकार ऐसे प्रश्नों के साथ भारत में चुनावों की विश्वसनीयता और लोकतंत्र का भविष्य जुड़ा हुआ है। ताजा मामले में आयोग ने एक नियम को बदल डाला है। नियम यह था कि अदालत ने अगर आदेश दिया, तो आयोग सार्वजनिक निरीक्षण के लिए अपने पास मौजूद सारे दस्तावेज संबंधित याचिकाकर्ता को देगा। इनमें वीडियो फुटेज भी शामिल हैं। अधिवक्ता महमूद प्राचा ने इसी नियम का सहारा लिया। उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में हरियाणा विधानसभा चुनाव से संबंधित वीडियो फुटेज सहित सभी दस्तावेजों की मांग की। हाई कोर्ट ने उनकी गुजारिश मान ली और निर्वाचन आयोग को इन सबको उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके बाद आनन-फानन में आयोग ने वो नियम ही बदल डाला। अब प्रावधान किया गया है कि दस्तावेज के तहत वीडियो फुटेज शामिल नहीं होंगे। कारण यह बताया गया कि मूल नियम में ऐसा प्रावधान नहीं था। इस परिवर्तन के पहले राजनीतिक दलों से कोई राय-मशविरा नहीं किया गया। इसलिए विपक्ष के इस आरोप में दम है कि नियम में बदलाव परदादारी के लिए किया गया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के संचालन में- खासकर ईवीएम को लेकर कांग्रेस ने कई गंभीर इल्जाम लगाए थे। वे आरोप सही थे या नहीं, ये बिल्कुल अलग मुद्दा है। मगर कोर्ट का आदेश आने के बाद संबंधित नियम में परिवर्तन ऐसा मामला है, जिससे शक पैदा होना लाजिमी है। चुनावों पर शक और सवालों का घेरा कसता जाए, यह पूरी तरह अवांछित है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि निर्वाचन आयोग उसके ऐसे कदमों से बनने वाली धारणाओं को लेकर बिल्कुल बेफिक्र है।

## फिसलती सडक़ पर दावे

जी हुजूर, हमें स्वीकार है कि यह मुहावरा पुराना है। इसे आप बाबा आदम के जमाने का भी कह सकते हैं। इक्कीसवीं सदी के पहले बीस साल गुजरने को आए, पर्यटक धरती के रमणीक स्थलों से उठ कर व्योम में सैर के लिए व्याकुल हो उठे हैं। इनके अग्रदूत के रूप में एक हंसता-बोलता नारी रूप रोबोट भी व्योम में जाने की तैयारी में है। अंतरिक्ष ही नहीं, धरती से परे दूसरे ग्रहों में भी सामर्थ्यवान अपनी बस्तियां बसाने की तैयारी में हैं, इसके लिए आरक्षण करवाए जा रहे हैं। अग्रिम भुगतान की तैयारी हो रही है। लेकिन किसी पिछलग्गू की तरह हम अभी भी किसी नए फैशनेबल, परंतु व्याकरण और अर्थ की दृष्टि से गलत भाषा का सृजन करने के स्थान पर अपनी अभिव्यक्ति में प्राचीन कर्मी भाषा के तकिये ढूंढ रहे हैं? जाहिर तौर पर आपको यह हमारी लेखन क्षमता का अभाव या नए सच को स्वीकार न कर पाने की असमर्थता कह सकते हैं। लेकिन जब युग के बाद युग बदलते जाएं और देश प्रगति और विकास के बड़े-बड़े दावे करने के बावजूद अपने आप को पीछे की ओर फिसलता पाए, सपने आकाश में उडऩे के हों और पांव पाताल की ओर रपटते नजर आएं, तो इसे अपने भाषणों और दावों में एक तरक्कीपसंद स्वप्न संसार रचने वाले लोगों को आप क्या उपालम्भ देंगे, 'नाम बड़े और दर्शन छोटे।' जी नहीं, इस देश की तरक्की की चाल के बारे में एक और बात भी कही गई है, 'दो कदम आगे और दो कदम पीछे।' महानुभाव, नतीजा देश की आम जनता के लिए क्या निकला कि महापुरुषों ने अपनी बस्तियां ग्रहों में बसाने की सोच ली और हमारा बसेरा पहले भी फुटपाथ था, आज भी फुटपाथ है। हां, इस बीच ये कुछ और टूट-फूट गए, तो इसे आने वाले इस युग की तैयारी कह लीजिए कि जिसमें फुटपाथ इतने बड़े बन जाएंगे कि जिस पर सीधे हैलीकाप्टर उतर जाएं। ये फुटपाथ तो नए बन जाएंगे, लेकिन फटेहाल आदमी अपना गूदड़ उठा कर सोचता है, अब इन फुटपाथों पर हैलीकाप्टर उतरेंगे तो हम सोचेंगे कहां? खैर, साहिब चिंता कैसी? जहां नाम बड़े होंगे, वहां तो दर्शन छोटे ही रहेंगे। कहां तो सपना था आम आदमी के लिए हैलीकाप्टर वाहन बनाने का। जी नहीं, आजादी की पौन सदी बीत चली, हैलीकाप्टर तो नहीं रहे, उन एक प्रतिशत लोगों के पास कि जिनके पास धन सम्पदा भारत जैसे बड़े देश के एक वर्ष के बजट के बराबर हो गई और हमारे लिए साइकिल युग की वापसी। अब आम लोगों के लिए फुटपाथ तोड़ हैलीपैड बनाओगे? वह तो फुटपाथ से भी गए, अब सोने के लिए क्या किसी नावदान की तलाश करें? वैसे आजकल देश के नावदान तलाश करने कठिन नहीं। जब से देश में स्वच्छ भारत की आवाज ऊंचे स्वर में होने लगी है, देश और भी अस्वच्छ हो गया है। सडक़ों के किनारे कूड़े के ढेर लगने लगे हैं। सफाई का मशीनीकरण हो रहा है। सप्ताह में रोज कूड़ा फेंकने वालों की ट्रालियां इन सडक़ों के किनारों पर कृपा करती रहती हैं। कूड़ा फैंकना बाकायदा एक व्यवसाय बन गया। बड़े होटलों, अस्पतालों और व्यावसायिक संस्थानों का कूड़ा-करकट, बचा खुचा, रात के अंधेरे में इन सडक़ों किनारे फैंकने के लिए बाकायदा कूड़ा माफिया और इनकी ट्रालियां बन गयीं। हां, देश में कूड़ा सफाई का मशीनीरण हो गया, एक ही दिन में सब कूड़ा साफहो जाता है। शेष छह दिन इन किनारों पर नियोजित ढंग से कूड़ा फेंका जाता है। अहा! इक्कीसवीं सदी के साथ कैसा कूड़ा नियोजन हुआ। हफ्ते का काम एक दिन में निपट गया, अब मजे से सप्ताह भर कूड़ा फेंकिए, एक दिन में उठवा दीजिए। इस अभियान में देश अधिक स्वच्छ हुआ कि अस्वच्छ? इस पर चिंतन बाद में करेंगे। अभी तो कूड़ा स्वच्छता अभियान के मशीनीकरण का प्रशस्तिगायन कीजिए। आप चाहें तो ताली भी बजा सकते हैं। लेकिन तालियां क्यों न सुरक्षित रख ली जाएं।

# डिजिटल होते बच्चों पर बढ़ते खतरे गंभीर चुनौती

**ललित गर्ग**

डिजिटल होते बच्चों पर बढ़ते खतरे चिन्ता का बड़ा कारण बन रहे हैं। बच्चों के स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं तो बढ़ ही रही हैं, बच्चे अलगाववादी, हिंसक एवं अस्वस्थ गतिहीन जीवनशैली के अंग बनते जा रहे हैं। छोटी अवस्था में बच्चे अधिक समय ऑनलाइन बिताने के कारण साइबरबुलिंग, ऑनलाइन शिकारियों और अन्य जोखिमों के शिकार भी हो रहे हैं। सोशल मीडिया बच्चों एवं युवाओं के संवाद का जैसे-जैसे अभिन्न माध्यम बन रहा है, वैसे-वैसे तमाम तरह के जोखिम एवं खतरे भी जुड़ते जा रहे हैं, जिनसे बच्चों एवं किशोरों को बचाने के लिये भारत में वर्ष 2023 में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट लाया गया, इस एक्ट के नियमों के तहत नाबालिगों के लिये सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिये माता-पिता या अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। निश्चित ही यह बच्चों पर बढ़ रहे खतरों से सुरक्षा देने के लिये एक प्रभावी एवं सराहनीय कदम है।

पांच वर्ष से अठारह वर्ष के बच्चों में मोबाइल, इंटरनेट एवं टेक्नोलॉजी एडिक्शन की लत बढ़ रही है, जिनमें स्मार्ट फोन, स्मार्ट वॉच, टैब, लैपटॉप आदि सभी शामिल हैं। यह समस्या केवल भारत की नहीं, बल्कि दुनिया के हर देश की है। ऐसे अनेक ऑनलाइन लत के शिकार रोगी बच्चें अस्पतालों में पहुंच रहे हैं, जिनमें इस लत के चलते बच्चे बुरी तरह तनावग्रस्त थे। कुछ दोस्त व परिवार से कट गए, कुछ तो ऐसे थे जो मोबाइल न देने पर पेरेंट्स पर हमला तक कर देते थे। बच्चे आज के समय में अपने आप को बहुत जल्दी ही अपनी उम्र से ज़्यादा बड़ा महसूस करने लगे हैं। अपने ऊपर किसी भी पाबंदी को बुरा समझते हैं, चाहे वह उनके हित में ही क्यों ना हो। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में दिल्ली के एक व्यक्ति ने डिजिटल माध्यमों की खामियों का लाभ उठाते हुए सात सौ से अधिक महिलाओं को स्नैपचैट का उपयोग करके ब्लैकमेल करने का प्रयास किया था। इसी तरह इंस्टाग्राम पर धमकाने के बाद ब्रिटेन में एक किशोर की दुखद आत्महत्या ने सोशल मीडिया के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की घातकता को उजागर किया।



इंटरनेट की यह आभासी दुनिया ना जाने और कितने मासूम व छोटे बच्चों को अपने जाल में फंसाएगी और उनका जीवन तबाह करेगी? बच्चों के इंटरनेट उपयोग पर निगरानी व उन्हें उसके उपयोग की सही दिशा दिखाना बेहद ज़रूरी है। यदि मोबाइल की स्क्रिन और अंगुलियों के बीच सिमटते बच्चों के बचपन को बचाना है, तो एक बार फिर से उन्हें मिट्टी से जुड़े खेल, दिन भर धमा-चौकड़ी मचाने वाले और शरारतों वाली बचपन की ओर ले जाना होगा। ऐसा करने से उन्हें भी खुशी मिलेगी और वे तथाकथित इंटरनेट से जुड़े खतरों से दूर होते चले जाएंगे। इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग की वजह से साइबर अपराधों की संख्या भी बढ़ रही है। हमारी सरकार एवं सुरक्षा एजेंसियां इन अपराधों से निपटने में विफल साबित हो रही हैं। आज के डिजिटल युग में, माता-पिता के पालन-पोषण का तरीका भी काफी हद तक बदल गया है। टेक्नोलॉजी के बढ़ते चलन और डिजिटल उपकरणों के व्यापक उपयोग के साथ, डिजिटल युग में बच्चों के पालन-पोषण में और ज्यादा सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

आभासी दुनिया के तिलिस्मी संसार के कारण जीवन में आ रहे बदलाव ने कई ज्वलंत एवं चुनौतीपूर्ण मुद्दों को सामने ला दिया है, जिनसे माता-पिता को जूझना पड़ता है, जिससे पालन-पोषण का कार्य और भी अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऑनलाइन सुरक्षा से लेकर स्क्रीन टाइम को प्रबंधित करने और लगातार विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य का हिस्सा बनने तक, माता-पिता के लिए खुद ही यह काफी नया सा है। खुद को जानकारी से लैस करके और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाकर, हम अपने बच्चों को जिम्मेदारी से डिजिटल दुनिया में सावधानीपूर्वक हिस्सा बनने के लिए सशक्त बनाते हुए उनके लिए एक स्वस्थ और संतुलित डिजिटल वातावरण बना सकते हैं। अपने बच्चों को तकनीक का उपयोग ऐसे तरीकों से करने में मदद करें जो रचनात्मकता और सीखने को बढ़ावा दें। उन्हें शैक्षिक ऐप तलाशने, डिजिटल कला बनाने या कोडिंग जैसे नए कौशल सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे उन्हें तकनीक को सिर्फ़ मनोरंजन के बजाय विकास एवं ज्ञान अर्जन के साधन के रूप में देखने में मदद मिल सकती है। तकनीक के अच्छे और बुरे दोनों पक्षों को जानकर और स्पष्ट सीमाएँ निर्धारित करके, हम बच्चों को उनके स्क्रीन समय के साथ एक स्वस्थ संतुलन बनाने में मदद कर सकते हैं। इस तरह, वे बचपन की खुशियों का अनुभव करते हुए तकनीक के लाभों का आनंद ले सकते हैं, जिसमें बाहर खेलना, दोस्तों के साथ समय बिताना और अपने आस-पास की दुनिया की खोज करना शामिल है। मोबाइल एवं डिजिटल साइट पर कुल निर्भरता बढ़ गई है। लोग अपने फोन एवं इन्टरनेट का इस्तेमाल खाना खाते समय, लिविंग रूम में और यहां तक कि परिवार के साथ बैठकर उपयोग करते हैं। कम से कम अस्सी प्रतिशत स्मार्टफोन उपयोगकर्ता अपने फोन पर तब भी होते हैं, जब वे अपने बच्चों के साथ समय बिता रहे होते हैं और वे अपने बच्चों, परिवेश पर ध्यान नहीं देते हैं और जब उनके बच्चे उनसे कुछ पूछते हैं तो वे चिढ़ जाते हैं।

दरअसल, भारत सरकार के डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट के नियम भी सोशल मीडिया कंपनियों को मजबूत उपायों के जरिये माता-पिता की सहमति से जवाबदेह बनाने का प्रयास ही है। जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों में भागेदारी में मार्गदर्शन करने का अधिकार मिल सके। इन नियमों को अधिक प्रभावी एवं कारगर बनाने में एआई संचालित आयु सत्यापन, डिजिटल साक्षरता कार्यशालाएं आयोजित करने और इसके साथ ही पारदर्शी शिकायत तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इन उपायों की नियमित निगरानी, हितधारकों की प्रतिक्रिया तथा वैश्विक मानकों के साथ तालमेल से इस ढांचे को प्रभावी बनाया जा सकेगा। निस्संदेह, इन नियमों के अनुपालन से भारत में बच्चों के लिये सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बनाने के साथ ही वैश्विक प्रयासों में योगदान दिया जा सकता है। पूरी दुनिया में 58 फीसदी किशोर टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्मों के दैनिक उपयोगकर्ता हैं, जो नुकसानदायक सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं। ऐसे वक्त में जब आज डिजिटल दुनिया से जुड़ाव अपरिहार्य है, बच्चों की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता बनाना न केवल एक जिम्मेदारी है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। बच्चों में बढ़ती ऑनलाइन गैमस् की आदत भी एक बड़ी समस्या बनती जा रही है, इसके घातक परिणाम भी सामने आ रहे हैं और लोगों के बीच इसे लेकर चिंता बढ़ रही हैं। इसलिये दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा था कि वह बच्चों को ऑनलाइन गेम की लत से बचाने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने पर गंभीरता से विचार करें। आज इंटरनेट का दायरा इतना असीमित है कि अगर उसमें सारी सकारात्मक उपयोग की सामग्री उपलब्ध हैं तो बेहद नुकसानदेह, आपराधिक और सोचने-समझने की प्रक्रिया को बाधित करने वाली गतिविधियां भी बहुतायत में मौजूद हैं। आवश्यक सलाह या निर्देश के अभाव में बच्चे ऑनलाइन गेम या दूसरी इंटरनेट गतिविधियों के तिलिस्मी दुनिया में एक बार जब उलझ जाते हैं तो उससे निकला मुश्किल हो जाता है। इस दिशा में स्थायी परिवर्तन के लिये माता-पिता, शिक्षक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के बीच बेहतर तालमेल बनाना वक्त की जरूरत है। एक और रणनीति यह है कि बच्चों को तकनीक का संयम से इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करें और इसे पढ़ने, बाहर खेलने और परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने जैसी अन्य गतिविधियों के साथ संतुलित करें। इस दिशा में निगरानी करने वाली सरकारी एजेंसियों की सजगता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह एक गंभीर चुनौती है और इस चुनौती का गंभीरता के साथ सामना करने की जरूरत है।

# मिल्कीपुर सीट पर योगी और अखिलेश की सियासी टक्कर, दोनों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल

**अजय कुमार**

चुनाव आयोग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के साथ उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया है। यह उपचुनाव 5 फरवरी 2025 को आयोजित होगा, जबकि मतगणना 8 फरवरी 2025 को होगी। इस चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'मिशन मिल्कीपुर' के तहत पूरी ताकत झोंक दी है, क्योंकि यह सीट उनके लिए विशेष महत्व रखती है। अयोध्या में लोकसभा चुनाव 2024 में मिली हार के बाद, योगी आदित्यनाथ ने इस उपचुनाव को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ते हुए सपा के खिलाफ अपने राजनीतिक प्रभाव को मजबूत करने की रणनीति तैयार की है।




मिल्कीपुर सीट पर वोटिंग की तारीख के ऐलान के साथ ही, यूपी सरकार ने इस उपचुनाव के लिए अपनी पूरी मंत्रिमंडल टीम को सक्रिय कर दिया है। सात प्रमुख मंत्रियों को मिल्कीपुर के विभिन्न वर्गों को साधने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, खेल मंत्री गिरीशचंद्र यादव, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश चंद्र शर्मा, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और जेपीएस राठौर शामिल हैं। ये सभी मंत्री बूथ स्तर पर बैठकें कर वोट बैंक को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने इस उपचुनाव में किसी भी प्रकार की चूक से बचने के लिए पूरी रणनीति तैयार की है। वह किसी भी कीमत पर यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनकी पार्टी इस सीट पर जीत दर्ज करे।

मिल्कीपुर की यह सीट योगी के लिए न केवल एक चुनावी चुनौती है, बल्कि एक प्रतिष्ठा का सवाल भी बन चुकी है। इस सीट को लेकर उनकी चिंता इस हद तक बढ़ गई है कि उन्होंने महाकुंभ की तैयारियों के बावजूद मिल्कीपुर का पांचवीं बार दौरा किया है। इस दौरान सीएम योगी ने प्रभारी मंत्रियों और संगठन पदाधिकारियों को बूथ मजबूत करने और मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने का संदेश दिया। योगी की यह सक्रियता इस बात का संकेत है कि वह इस उपचुनाव को लेकर कितने गंभीर हैं और उनकी सरकार इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर देख रही है।

इसे भी पढ़ें: अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव का ऐलान, क्ष्ठ्ठक्क के पास सपा से बदला लेने का मौका

समाजवादी पार्टी के लिए भी यह उपचुनाव प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। मिल्कीपुर सीट समाजवादी पार्टी का गढ़ रही है, और इस सीट पर भाजपा के खिलाफ सपा ने अपनी राजनीतिक ताकत को स्थापित किया है। सपा के लिए यह चुनौती इसलिए और भी कठिन हो जाती है, क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी की 80 सीटों में से 37 सीटों पर सपा ने जीत दर्ज की थी। हालांकि, नवंबर 2024 में हुए उपचुनाव में सपा को निराशा हाथ लगी थी, जहां पार्टी केवल 2 सीटों पर ही जीत हासिल कर सकी थी। ऐसे में मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव में सपा अपने प्रतिष्ठा की लड़ाई लड़ रही है।

मिल्कीपुर सीट छह महीने से रिक्त पड़ी है, क्योंकि सपा के विधायक अवधेश प्रसाद ने 13 जून, 2024 को इस्तीफा दे दिया था। 12 दिसंबर को उनके इस्तीफे को छह महीने पूरे हो गए थे, जिसके बाद चुनाव आयोग ने उपचुनाव की तारीख का ऐलान किया है। इससे पहले, चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था, लेकिन मिल्कीपुर सीट का मामला अदालत में विचाराधीन था, जिसके कारण इस सीट पर उपचुनाव की तारीख नहीं घोषित हो पाई थी।

मिल्कीपुर के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ ने 2022 में इस सीट से सपा के विधायक अवधेश प्रसाद के चुनाव को उनके नामांकन पत्रों में विसंगतियों का हवाला देते हुए चुनौती दी थी। हालांकि, चुनाव याचिका को वापस लेने के बाद यह मामला अब तक लंबित था। अब चुनाव आयोग ने इस सीट पर उपचुनाव की तारीख तय कर दी है, और राजनीतिक दलों के लिए यह लड़ाई और भी रोमांचक होने वाली है।


# डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने प्रवासी भारतीय दिवस पर अपनी पुस्तक फिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879 - 1947) का विमोचन किया

इस पुस्तक में भारत में ब्रिटिश राज द्वारा थोपे गए गिरमिटिया मजदूरों (कुलियों) के जीवन और तकलीफों के बारे में गहरी जानकारी दी गई है जो बहुत ही भावनात्मक और दिल छू लेनेवाली है।

प्रख्यात लेखिका और शिक्षाविद् डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने अपनी पीएचडी शोध पर आधारित पुस्तक फिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879 - 1947) का विमोचन प्रवासी भारतीय दिवस के शुभ अवसर पर किया। 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 9 जनवरी, 2025 को किया जाएगा।

गौरतलब है कि डॉ. रेखा चतुर्वेदी स्वर्गीय पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी (राज्यसभा सांसद) की पोती हैं। पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी ने प्रवासी भारतीयों पर उल्लेखनीय कार्य किया है।

डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने कहा, फिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879 ङ्क1947)卐 भारतीय गिरमिटिया मजदूरों के जीवन और उनके संघर्षों पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। साल 2025 के प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर इस ऐतिहासिक पुस्तक का प्रकाशन भारतीय प्रवासी मजदूरों की दुर्दशा को हाइलाइट करती है। प्रवासी भारतीय दिवस पर इस पुस्तक का विमोचन इसके महत्व को दर्शाता है और साथ ही यह प्रवासी समुदाय के योगदान और संघर्षों को सम्मान देने की



एक सार्थक कोशिश है। यह पुस्तक भारतीय प्रवासी समाज के बलिदानों को पहचानने और उनकी कहानियों को आने वाली पीढ़ियों के लिए संजोने का आह्वान भी करती है।

याद रहे कि गिरमिटिया मजदूरों को उस समय के ब्रिटिश शासन के दौरान कुली के नाम से जाना जाता था। यह भारत के औपनिवेशिक इतिहास का एक दर्दनाक और शर्मनाक हिस्सा है। दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस, त्रिनिदाद, गुयाना और फिजी जैसे देशों में इन गिरमिटिया मजदूरों को अमानवीय परिस्थितियों में कठोर और अत्यंत कठिन कार्य करने के लिए मजबूर किया गया। सस्ता साहित्य मंडल द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक फिजी द्वीप पर इन गिरमिटिया मजदूरों की सेवाओं, उनकी पीड़ा और उनके जीवन की अमानवीय परिस्थितियों को उजागर करती है। इस मुद्दे को पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी ने अपनी पुस्तक 卐फिजी में मेरे 21 वर्ष के माध्यम से सामने लाया था। यह पुस्तक श्री तोताराम सनाढ्य के अनुभवों पर आधारित है, जो स्वयं फिजी में गिरमिटिया मजदूर थे।

पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी ने फिजी में कई वर्ष बिताए और वहां भारतीयों की दुर्दशा पर विस्तार से लिखा। अपने दादाजी के कार्यों से प्रेरित होकर, डॉ. रेखा चतुर्वेदी का शोध भारतीय प्रवासी समुदायों, विशेष रूप से गिरमिटिया मजदूरों के संघर्ष और उनके अदम्य साहस को उजागर करता है। व्यक्तिगत और पेशेवर जिम्मेदारियों के बावजूद, डॉ. रेखा ने अपने शोध के प्रति समर्पण बनाए रखा है। उनका यह समर्पण उनके परिवार की विरासत और गिरमिटिया मुद्दों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

रेवरेंड सी.एफ एंड्रयूज के हस्तक्षेप से फिजी में गिरमिटिया श्रम की व्यवस्था औपचारिक रूप से 1920 में समाप्त हो गई। पुस्तक के प्रकाशक सस्ता साहित्य मंडल का सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण साहित्य का समर्थन करने का इतिहास रहा है, जो पुस्तक के उद्देश्य के साथ कम प्रतिनिधित्व वाले ऐतिहासिक आख्यानों पर प्रकाश डालता है।

**लेखक के बारे में-** 21 अप्रैल 1952 को उत्तर प्रदेश के रीवा में प्रोफेसर बुद्धि प्रकाश चतुर्वेदी और श्रीमती शांति चतुर्वेदी के घर डॉ. रेखा चतुर्वेदी का जन्म हुआ। डॉ. रेखा के पिता इतिहास के प्रोफेसर थे। उनके दादा पद्मभूहन पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी ने फिजी में गिरमिटिया मजदूरी के मुद्दे को प्रकाश में लाया था और उन्हीं के मार्गदर्शन एवं प्रभाव में रेखा जी ने विभिन्न देशों में गिरमिटिया मजदूरों और अप्रवासियों की दुर्दशा में रुचि विकसित की। डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने पोस्ट ग्रेजुएट प्रोफेसर के रूप में अपना पेशा जारी रखा और शादी के बाद एक शिक्षक के रूप में निजी क्षेत्र में नौकरी की। एक माँ, पत्नी और गृहिणी के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए भी उन्होंने अपना रिसर्च जारी रखा। उनका विवाह श्री विचित्रवीर चतुर्वेदी से हुआ है और वह एक बेटी स्वप्निल और एक बेटे सैय्यम की मां हैं। उनके दोनों बच्चे अपने चुने हुए क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। डॉ. रेखा का काम भारतीय प्रवासियों, विशेषकर गिरमिटिया के लिए न्याय और मान्यता की वकालत करने की उनके परिवार की विरासत को जारी रखता है।

## संक्षिप्त समाचार

### शासकीय प्राथमिक शाला खट्टाडीह में न्योता भोज का आयोजन



**शंकर लहरे/ बागबाहरा( समय दर्शन)।** शासकीय प्राथमिक शाला खट्टाडीह में पदस्थ शिक्षिका प्रधान पाठक श्रद्धा महानंद द्वारा नववर्ष एवं नया घर के नाम से न्योता भोज का आयोजन किया गया। सबसे पहले मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा से हुआ। इस अवसर पर शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्य, पालकगण, और टेमरी अ संकुल के सभी शिक्षिका शामिल हुए। जिसमें राधेश्याम निराला (संकुल समन्वयक) मदनलाल पटेल प्राचार्य शास. उ. मा. विद्यालय टेमरी, नेताम सर, प्रतीक चन्द्राकर सर, तेग बहादुर चक्रधार, जयप्रकाश महानंद फिरोज ठाकुर सर, डलेश्वर, श्रीमती गोपेश्वरी साहु, श्रीमती पूनम निषाद, श्रीमती पार्वती ठाकुर, श्रीमती नीता ठाकुर, श्रीमती खेमीन टण्डन, श्रीमती उषा सिन्हा, श्रीमती सुनीता प्रजापति, श्रीमती दीनेश्वरी साहु, श्रीमती बसंती सिन्हा, श्रीमती हुर्दा चक्रधारी, श्रीमती पूनम साहु, श्रीमती केशर चक्रधारी, श्रीमती केशरी साहु, श्रीमती कांति चक्रधारी, श्रीमती रुखमणी दीवान, गोविन्द चक्रधारी राजेश दीवान, श्रीमती सुखबती सिन्हा, श्रीमती अनेश्वरी चक्रधारी, श्रीमती सुकवारो साहु, श्रीमती गीता देवांगन आदी मौजूद रहे।

### फिजिक्सवाला (पीडब्लू) विद्यापीठ अब शैक्षणिक वर्ष 25-26 के लिए भारत भर में 150+ केंद्रों का ऑफलाइन नेटवर्क बना चुका है

**रायपुर।** कोटा के वार्षिक कार्यक्रम - दिशा 2025 - के दौरान छात्रों के बीच, फिजिक्सवाला (पीडब्लू) के संस्थापक और सीईओ, अलख पांडे ने कहा, शिक्षकों के रूप में, यह देखना हमारे लिए बेहद दुखद है जब छात्र निराश होकर कठोर कदम उठाते हैं। हम उनकी आशा बनना चाहते हैं। आज मैं आप सभी से निवेदन करता हूं - हमारे साथ इस प्रयास में जुड़ें ताकि हम आपदाओं को टाल सकें। हमारी 24×7 देशव्यापी मुफ्त हेल्पलाइन - प्रेरणा का उपयोग करें और जब भी आपको तनाव या परेशानी महसूस हो, सहायता लें। इसके अलावा, उन्होंने 20 जनवरी 2025 तक सभी ऑफलाइन बैचों पर आगामी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए 30 प्रतिशत छूट की घोषणा भी की। वर्तमान में फिजिक्सवाला (पीडब्लू) भारत के 20 राज्यों में 150 से अधिक विद्यापीठ और पाठशाला केंद्र खोल चूका है। इनमें से लगभग दस केंद्रों में विद्यापीठ रेजिडेंशियल प्रोग्राम (वीपीआरपी) भी उपलब्ध है। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए, पीडब्लू ने कई नए शहरों में केंद्र खोलकर अपने ऑफलाइन नेटवर्क का विस्तार किया है, जिनमें डिब्रूगढ़, चेन्नई और उदयपुर शामिल हैं। चेन्नई में केंद्र खोलना तमिल नाडु राज्य में पीडब्लू का पहला ऑफलाइन प्रवेश है। कार्यक्रम में उन छात्रों की भी भागीदारी देखी गई जिन्होंने पहले पीडब्लू में अध्ययन किया था और आज IIT और AIIMS जैसे सरकारी कॉलेजों में सीटें प्राप्त की है। इन छात्रों को बधाई दी गई और उनसे अपनी यात्रा वर्तमान छात्रों के साथ साझा करने का अनुरोध किया गया। विद्यापीठ रेजिडेंशियल प्रोग्राम (वीपीआरपी) नीट और जेईई के उम्मीदवारों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो आवासीय समर्थन के साथ अकादमिक अनुभव चाहते हैं। यह कार्यक्रम एक संरचित और शैक्षिक रूप से उत्तेजक वातावरण प्रदान करता है, जिससे छात्रों को अपने शैक्षणिक उद्देश्यों के प्रति पूरी तरह से समर्पित होने का अवसर मिलता है। ऑनलाइन और ऑफलाइन कक्षाओं के लिए निरंतर शिक्षकों की उपलब्धता प्रदान करके, वीपीआरपी यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि छात्रों को एक सहज शैक्षिक अनुभव मिले, और फॉर्मेट के बीच स्विच करने से जुड़ी सामान्य चुनौतियों को कम से कम किया जा सके।

# भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष हमें माटी की सेवा के लिए करता है प्रेरित : चातुरी नंद

### ग्राम गौर बहाली में आयोजित मुंडा समाज के महासभा में शामिल हुईं

### समाज के भवन निर्माण हेतु 5 लाख रूपये देने की बड़ी घोषणा




**सरायपाली ( समय दर्शन )।** सरायपाग्राम गौरबहाली मेंली, 08/02/2025 : अंचल के दूरस्थ क्षेत्र के ग्राम गौरबहाली में आयोजित मुंडा समाज के महासभा में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। गौरबहाली पहुंचने पर विधायक चातुरी नंद का कर्मा नर्तक दल और ग्रामीणों ने बाजे गाजे के साथ स्वागत सत्कार किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक नंद ने भगवान बिरसा मुंडा और ग्राम देवता की पूजा अर्चना कर की।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी ने अंग्रेज़ों के खिलाफ़ लड़ाई लड़ी और ब्रिटिश शासन के खिलाफ़ आदिवासी आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी ने आदिवासी समुदाय को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया तथा अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए उठ खड़े होने की प्रेरणा दी।

विधायक नंद ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी ने तत्कालीन जनजातीय समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे अंध-विश्वास, जाति-भेद, नशाखोरी, जातीय संघर्ष समेत सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ़ जागरूकता फैलाई।उन्होंने अपने अनुयायियों को शिक्षा का महत्व समझाया और उन्हें एकता में रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुंडा समाज के लोगों की मांग पर सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपए और गांव में सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख रूपये देने की बड़ी घोषणा भी की। इस अवसर पर मुंडा समाज के अध्यक्ष उत्तम जमीदार, उपाध्यक्ष कलापराम नागवंशी , रमेश चंद्र मरावी, बी .आर नागवंशी , उसतलाल भृंगराज, तेजकुमार भृंगराज, कल्प राम मुंडा, पवित्रा भृंगराज, कांग्रेस के युवा नेता प्रभात पटेल, जयंत यादव समेत मुंडा समाज के पदाधिकारी और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# फरमानिया ट्रस्ट ने बांटे दुर्ग जिले मे लगभग 8500 विद्यार्थियों को स्वेटर बच्चो के चेहरे मे मुस्कुराहट



**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा-** शासकीय पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला पेंड्री(गो.)के लगभग 300 बच्चो सहित दुर्ग जिले के खोपली,घुघसीडीह,घासीदास नगर,डुमरडीह,चुनकट्टा, जोरातरई,उमरपोटी,माटरा,कपसदा पेंड्रावन संकुल, गोढ़ी संकुल,नारधा संकुल के सभी स्कूलों के लगभग 8500 विद्यार्थियों को श्रीमती सरबती देवी बनारसी दास फरमानिया चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक श्रीमान सुरेश फरमानिया जी द्वारा बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरा खिल गया सुरेश फरमानिया जी ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा की खूब खेलो और खेलने के साथ साथ खूब पढ़ाई करो जिससे जीवन मे कठिन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके वही नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू ने कहा की श्रीमती सरबती देवी बनारसी दास फरमानिया चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक श्रीमान सुरेश फरमानिया जी द्वारा अभी तक लगभग साठ हजार स्कूली बच्चों को स्वेटर,जूता मोजा, बेल्ट टाई का वितरण किया जा चुका है साथ ही बच्चों के बेहतर पढ़ाई के लिए नि:शुल्क दो हॉस्टल भी संचालित किया जा रहा है सुरेश फरमानिया जी की ऐसे नि:स्वार्थ भाव से किये जा रहे कार्यो की हम सब शिक्षक बहुत बहुत प्रशंसा करते है पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक विकास सिंह राजपूत ने कहा की सुरेश फरमानिया जी से स्वेटर पाकर सभी स्कूली बच्चों के चेहरे के मुस्कुराहट देखकर हम सभी शिक्षक बहुत ही खुश हो गये और ऐसे कार्यो की जितनी भी तारीफ किया जाय बहुत ही कम है सुरेश फरमानीया जी ने बेटी बढ़ाओ बेटी बचाओ का अभियान भी चला रहे है इस कार्य मे हम सब सहभागिता निभाएंगे संकुल प्रभारी राजेश राजपूत,संकुल समन्वयक निरेश पिपरिया व प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पुसऊ राम ठाकुर ने कहा की सुरेश फरमानिया जी के द्वारा किये जा रहे कार्यो से स्कूली बच्चे स्कूल नियमित आने को प्रेरित हो रहे है और हम सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए की बच्चे नियमित स्कूल आये कार्यक्रम के पश्चात आभार प्रदर्शन सैबान बेग ने किया कार्यक्रम मे दुर्गा शरण सिन्हा,संध्या राजपूत, मंदाकनी वर्मा,तोषण देवांगन,सत्यनारायण वर्मा,दीपक वर्मा,देवकी साहू सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# कंडेल में कॉलेज भवन, धमतरी में नालंदा परिसर, पी जी कॉलेज में विधि भवन की घोषणा पर मुख्यमंत्री का रंजना साहू ने जताया आभार



**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़। धमतरी-** छत्तीसगढ़ में सुशासन का एक साल के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज धमतरी जिले के प्रवास के दौरान स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में आयोजित स्वामित्व कार्ड आबादी के अधिकार अभिलेख वितरण कार्यक्रम में क्षेत्र वासियों को अरबो रुपए की निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर क्षेत्र को समर्पित किये।इस अवसर में धमतरी विधानसभा क्षेत्र की अनेक मांगो की घोषणा किये जिसमें प्रमुख रूप से शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल के लिए शासकीय भवन, धमतरी में नालंदा परिसर की स्थापना, एवं बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधि संकाय के लिए भवन निर्माण की घोषणा किए जाने पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णु देव साय जी, धमतरी जिला प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी, उप मुख्यमंत्री अरुण साव जी ,सांसद रुप कुमारी चौधरी जी, माननीय कुरुद विधायक श्री अजय चंद्राकर जी का धन्यवाद आभार व्यक्त किए हैं।

# विद्यालय शिक्षा का वह मंदिर, जहां देश के युवा पीढ़ी की तकदीरें गढ़ी जाती है : रंजना साहू

### शिक्षा ग्रहण करना हमारी पहली प्राथमिकता : शीत कुमार साहू

### प्रदेश में भाजपा की सरकार आने से विकास कार्य को मिली है गति : अमन राव

### रंजना साहू ने किया ग्राम देमार में लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण



**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़। धमतरी-** ग्राम देमार में लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रंजना साहू रही। देमार में लोकार्पण कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल में ग्रंथालय भवन निर्माण, प्राथना सभा स्थल पर शेड निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री जतन योजना अंतर्गत विद्यालय भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू के करकमलों से जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों व स्कूल प्रबंधन समिति, विद्यालय स्टाफ छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प कुछ भेंट कर किया गया अतिथि उद्बोधन में मुख्य अतिथि रंजना साहू ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का वह मंदिर है जहां हमारे देश कि युवा पीढ़ी की तकदीरें गढ़ी जाती है, शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। शिक्षा का सबसे बड़ा उद्देश्य व्यक्ति के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है, यह न केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम है, बल्कि यह सोचने, समझने और निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने में भी सहायक है। ग्रामीण वरिष्ठ एवं हरदिया साहू समाज जिला अध्यक्ष शीत कुमार साहू ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करना हमारी पहली प्राथमिकता है, प्राथमिक माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के अध्ययन के बाद उच्च शिक्षा की ओर विद्यार्थी आगे बढ़कर और अपना भविष्य उज्जवल बनाते हैं। आमदी मण्डल अध्यक्ष अमन राव बताया कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार आई है विकास को गति मिली है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य दमयंती साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुरारी यदू, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती शीतल बसंत मीनपाल, जनपद सदस्य चंद्रकला बंजारे, के आर साहू, बसंत परदेसी मीनपाल, अंगेश्वर साहू, विजय साहू, संजय साहू, कोमल सार्वा, अमित साहू, सुरेंद्र चौरे, जोगेंद्र सेन, गोपालपुरी गोस्वामी, सुरेश साहू, दिनेश कुंभकार, नारद राम साहू, शंकर सिंहा, रूपेश बंजारे, उमेश्वरी साहू, करण साहू सहित बड़ी संख्या में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्रामवासी, विद्यालय स्टाफव छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# शहर की पहचान, मिशन अस्पताल जो अब इतिहास बन गया



**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** हजारों के जन्म स्थान की पहचान आज समाप्त हो गई, ब्रह्मुहूर्त में ही प्रशासन ने मिशन अस्पताल की इमारत को जमीन दोज कर दिया। जिस भवन को निगम आयुक्त जर्जर कहकर नोटिस चश्मा किया उसे तोड़ने में एक नहीं आधा दर्जन मशीन लगी रही जेसीबी पोकलेन के उपकरण भी टूट गए इस जर्जर भवन को तोड़ने में। आज शहर की एक पहचान जैकमैन मेमोरियल मिशन अस्पताल को खत्म करके प्रशासन यह जाता दिया की डबल इंजन का विकास समाज को कैसे उसके इतिहास से दूर कर देगा। टूटते भवन को देखने कई बुजुर्ग आए। वे जब कभी बीमार होते थे इसी अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ लेने आते थे। दर्जनों घर के रिश्ते यहां मजबूत हुए, जब कभी शहर के लोगों के प्राण संकट में आते थे तो इसी आईसीयू में डॉक्टरों के सुरक्षित हाथों में पहुंचते थे। जिला अस्पताल तो कभी नागरिकों के लिए भरोसे का अस्पताल नहीं बन पाया। पर जैकमैन मेमोरियल का इतिहास अलग है।

सेवा, समर्पण और स्वास्थ्य हमेशा यहां की पहचान रही है। भूमि संपत्ति एक लीज का प्रकरण मिशन क्या हारी प्रशासन ने मौका पाकर पूरा इतिहास ही खोद दिया। ऐसा लगा जैसे एक गिरोह पूरे समाज से बदला लेने को उतारू है। शहर का कोई नेता निर्वाचित या पूर्व संकट की इस घड़ी में यहां नहीं आए। राजस्व मंडल में प्रकरण लंबित है, दो नोटिस के बावजूद प्रशासन प्रकरण की मूल नस्ती नहीं भेज रहा है। सिविल कोर्ट से भी पक्षकारों को नोटिस है। पक्षकारों में प्रशासन भी है उन्हें नोटिस मिल चुके हैं पर जब प्रशासन वाद में उपस्थित होने के पहले पूरा नक्शा ही बदल रहा हो तो एक मशीन जेसीबी का नया अर्थ समझ आता है जो कलेक्टर बोले ।

# धमतरी पुलिस यातायात द्वारा सड़क सुरक्षा माह के सप्तम दिवस में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मेनोनाईट में स्कूली वाहनों की चेंकिंग कर चालक, परिचालकों को दिया गया यातायात प्रशिक्षण

### स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात कार्यशाला के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक, ग्राम भटगांव के साप्ताहिक बाजार में पहुंचा यातायात जागरूकता रथ



**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 35 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पुलिस अधीक्षक श्रीमान आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार, उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री मणीशंकर चंद्रा के नेतृत्व में आज दिनांक 07.01.25 सप्तम दिवस को यातायात उनि खेमराज साहू के द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मेनोनाईट पहुंचकर स्कूलों में संचालित होने वाले 05 स्कूली बस एवं 01 स्कूल वेन की माननीय सुप्रीम कोर्ट के दिये गये दिशा निर्देशों के अनुरूप चेकिंग कर स्कूली बसों के 09 चालक व परिचालको को यातायात नियमों का प्रशिक्षण देकर शराब सेवन कर वाहन नही चलाने, वाहनों को निर्धारित गति में ही चलाने, वाहनों को बीच रोड खड़ा नही करने, बच्चों को सुरक्षित गंतव्य स्थान पहुंचने तक खड़े रहने, बड़ी वाहनों को ओव्हरटेक नही करने के संबंध में समझाईश देते हुए यातायात नियमों का पालन करने बताया गया।

बस चेकिंग उपरांत विद्यालय में उपस्थित 250 स्कूली छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगण को यातायात नियमों की जानकारी देकर दोपहिया वाहन मे तीन सवारी नही चलने, चालक व पीछे में सवार दोनो व्यक्ति को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, बिना लायसेंस के वाहन नही चलाने, नाबालिक को वाहन नही चलाने, तीव्र गति से वाहन चलाते हुए असुरक्षित ओव्हरटेक नही करने, मोबाईल फोन का प्रयोग करते वाहन चालन नही करने, सड़क में लगे सिग्नलों, संकेतात्मक, सूचनात्मक चिन्हों का पालन करने के संबंध में जानकारी देकर यातायात नियमों से संबधित पाम्पलेट वितरण किया गया।

यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने, यातायात रथ ग्राम भटगांव के साप्ताहिक बाजार में पहुंचकर, बाजार में आये ग्रामीणजन को पी०ए० सिस्टम व फ्लैक्सी व पाम्पलेट के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी देकर, यातायात सुरक्षा उपकरणो, व नियमों को अपनाकर यातायात नियमों का पालन करने बताया गया।

कार्यक्रम में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मेनोनाईट के 250 छात्र-छात्राओं एवं प्राचार्य श्रीमती हरसिमरन कौर, शिक्षक श्री यशवंत साहू, श्रीमती अनुपमा सिंह, श्री स्टीव लाल, श्री सी.वी. किस्टी,श्री मनोज एंड्रियांस, श्री ओल्विन नेल्सन, यातायात से प्रआर. जितेन्द्र कृदत्त, आर.गणपत डिंडोलकर उपस्थित रहे।

# कलेक्टर श्री अग्रवाल की बड़ी कार्यवाही, विलंब से कार्यालय आने वाले 65 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

## कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय का औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज सुबह 10 बजे संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खाद्य, श्रम, योजना एवं सांख्यिकी, खनिज विभाग,निर्वाचन शाखा, पीएमजीएसवाय, शिक्षा, आबकारी, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के कार्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय के शाखाओं में जाकर अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति, स्थापना, फाइलों का भंडारण एवं स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया।उन्होंने कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित शासकीय कर्मियों की जानकारी ली।निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने सही समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले 65 शासकीय सेवकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।साथ ही प्रतिदिन अटेंडेंस बायोमैट्रिक माध्यम से संधारित करने कलेक्ट्रेट परिसर में बायोमेट्रिक मशीन लगाने के निर्देश दिए। कार्यालयीन समय में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों की सैलरी भी काटने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने सभी कर्मियों को शासकीय पहचान पत्र आईडी कार्ड पहन कर ही कार्यालय आने के निर्देश दिए।साथ ही चतुर्थ श्रेणी के कर्मियों को निर्धारित ड्रेस में ही कार्यालय आने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि शासन के मंशा अनुसार सभी शासकीय सेवक निर्धारित समय में कार्यालय में उपस्थित होकर शासकीय दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने जिला अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों के कर्मचारियों को भी निर्धारित समय में कार्यालय आने के नियम का पालन करवाने के निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अरविंद पांडे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सभी शाखाओं में नस्तियों के व्यवस्थित संधारण एवं साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।साथ ही सभी आलमारियों में रजिस्टर एवं दस्तावेजों को क्रमबद्ध तरीके से रख कर फाइलों के नाम युक्त सूची अलमारी में चिपकाने के निर्देश दिए।जिससे आसानी से फाइलों को कार्य अनुसार निकाला जा सके।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर का भी अवलोकन किया।उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में गंदगी नहीं करने एवं इधर उधर बिखरे पड़े कूड़ा करकटों को तत्काल सफाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## खबर-खास

### सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों का किये नेत्र परीक्षण



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** जिला मुख्यालय में सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ एक जनवरी को किया गया,इसी सड़क सुरक्षा के तहत बुधवार को पुलिस कंट्रोल कार्यालय में व्यवसायिक वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण जिला अस्पताल गरियाबंद के आर पी साहू व अन्य डाक्टरो द्वारा यातायात पुलिस विभाग के रामाधार मरकाम,धर्मेंद ठाकुर,संजय सूर्यवंशी,भूपेंद्र पटेल,विकास कश्यप,अनिल पांडे की उपस्थिति में किया गया।आयोजित इस सड़क सुरक्षा माह में पुलिस विभाग द्वारा लोगो को यातायात के प्रति जागरूक करने हर दिन एक नया पहल किया जा रहा है।जिसमे बुधवार के सुबह से दोपहर तक जिले में चलने वाले समस्त दो पहिया चार पहिया और अन्य वाहन के 75 चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया,साथ ही छै जरूरत मंद लोगो को जिला अस्पताल से नम्बर के अनुसार नि:शुल्क चश्मा वितरण किये।वही यातायात पुलिस के रामाधार मरकाम ने बताया कि आज के समय मे समय से पहले ही लोगो की नजर कमजोर होने लगा है,ऐसी स्थिति में वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण कराया जाना आवश्यक है,क्योंकि नजर अच्छी रही तो दुर्घटना की आशंका भी कम रहेगा,कुछ लोग अपनी नजर की कमजोरी को नही समझ पाते उन्हें इस सड़क सुरक्षा के दौरान उनकी आंख को जांच कर उन्हें जरूरी नसीहत दिया जा रहा है।इस सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात पुलिस द्वारा वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय के बच्चो को यातायात की जानकारी,वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण,मोटरसाइकिल के हेडलाइन में काली पट्टी लगाना जैसे अन्य प्रक्रिया कर लोगो को जागरूक करने का कार्य किया किया गया।

## 14.833 किलो गांजा और तीन मोबाइल के साथ दो तस्कर गिरफ्तार'

### जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफसख्त अभियान जारी।




**कवर्धा (समय दर्शन)।** जिले की पिपरिया पुलिस ने 14.833 किलोग्राम गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से तीन मोबाइल, और एक वाहन भी जब्त किया है। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत ?4, 50,000 है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत जेल भेज दिया गया है।

मुखबीर की सूचना पर हुई इस कार्रवाई में उड़ीसा की ओर से गांजा तस्करी के लिए एक वाहन ओडी 10 जेड 4668 को रोककर पिपरिया पुलिस ने तलाशी ली। इस दौरान वाहन की डिक्की और सीटों के नीचे छिपाकर रखे गए 14.833 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त वाहन से तीन मोबाइल भी जप्त किए गए। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत ?4, 50,000 है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार आरोपियों में भगवन मांझी (34), पिता तिल्ले मांझी, निवासी पावर हाउस, बारनीपुर, थाना जयपुर, जिला कोरापुट (उड़ीसा)। के. राजेश (34) पिता के. नागेश्वर, निवासी पंचायत ऑफिस के पास, बारनीपुर, थाना जयपुर, जिला कोरापुट (उड़ीसा) हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से ?4,50,000 रुपए के गांजा के साथ तीन मोबाइल कीमत ?24,000 रुपए एक वाहन कीमती ?6,00,000 सहित कुल मशरुका ?10,74,000 जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने पिपरिया पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफकठोर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि नशे के अवैध कारोबार से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी पुलिस को तुरंत दें, ताकि ऐसे अपराधों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके। 'कबीरधाम पुलिसरू नशामुक्त और सुरक्षित समाज के लिए प्रतिबद्ध है।'

## त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत की गई जिला पंचायत सदस्यों एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण की कार्यवाही

**दुर्ग (समय दर्शन)।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत दुर्ग के सभा कक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण की कार्यवाही की गई। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 30/धारा-129 ड़ के साथ पठित छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिला पंचायत दुर्ग के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्ग हेतु महिला/मुक्त, आरक्षण अवधारित किया है। जिला पंचायत के 12 सदस्यों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। जिसके अनुसार क्षेत्र क्रमांक 01 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 02 ओबीसी मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 03 एससी मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 04 एससी महिला, क्षेत्र क्रमांक 05 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 06 ओबीसी महिला, क्षेत्र क्रमांक 07 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 08 ओबीसी महिला, क्षेत्र क्रमांक 09 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 10 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 11 अनुसूचित जनजाति महिला एवं क्षेत्र क्रमांक 12 अनारक्षित महिला हेतु सीटों का आरक्षण किया गया है।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से गन्ना किसानों को भोरमदेव शक्कर कारखाना ने 19.19 करोड़ रुपए का भुगतान



### 0 1.66 लाख मीट्रिक टन गन्ने की पेराई से 1.44 लाख क्विंटल शक्कर का उत्पादन

**कवर्धा (समय दर्शन)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष निर्देश और मार्गदर्शन में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा पेराई सत्र 2024-25 के अंतर्गत गन्ना किसानों को अब तक कुल 19.19 करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के सतत मार्गदर्शन में कारखाना प्रबंधन द्वारा गन्ना किसानों को समयबद्ध तरीके से भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 5 दिसंबर 2024 तक गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को 5.05 करोड़ रुपए का भुगतान 315.10 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किया गया है।

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा के प्रबंध संचालक जीएस शर्मा ने बताया कि वर्तमान पेराई सत्र 2024-25 के अंतर्गत अब तक 1,66,215 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई की जा चुकी है, जिससे 1,44,735 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है। यह उपलब्धि गन्ना उत्पादक किसानों के सहयोग, उनकी मेहनत और कारखाना प्रबंधन के कुशल संचालन का परिणाम है।

उल्लेखनीय है कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना क्षेत्र के गन्ना किसानों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य शासन की गन्ना नीति के तहत कारखाना प्रबंधन किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर उनकी आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। समय पर भुगतान मिलने से किसानों का विश्वास भी कारखाने और शासन-प्रशासन पर लगातार बढ़ रहा है। कारखाना प्रबंधन ने गन्ना उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे कारखाने में परिपक्व, साफ-सुथरा, बिना अगवा और बिना जड़ वाला गन्ना आपूर्ति करें। इससे न केवल शक्कर की रिकवरी दर में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों को भी बेहतर लाभ प्राप्त होगा। गन्ने की गुणवत्ता बढ़ने से उत्पादन क्षमता में सुधार होगा और इसका सकारात्मक असर किसानों की आय पर भी पड़ेगा।

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना, गन्ना किसानों के आर्थिक विकास के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कारखाना प्रबंधन का उद्देश्य किसानों के हितों को प्राथमिकता देना और उनके आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है।

## नगरपालिका आम/उप निर्वाचन के अभ्यर्थियों से प्राप्त प्रतिभूति राशि के संबंध में निर्देश

**दुर्ग (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका आम/उप निर्वाचनों के अभ्यर्थियों से प्राप्त प्रतिभूति (निक्षेप) राशि के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये गए है। जिसके अनुसार नगरपालिका (नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत) निर्वाचन के अभ्यर्थियों के लिए यह आवश्यक है कि वह पहले नियम 26 के अनुसार प्रतिभूति (निक्षेप) की निर्धारित राशि जमा कराए। छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 24 दिसंबर 2024 को अधिसूचना जारी कर छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियमों में संशोधन किया गया है। प्रतिभूति (निक्षेप) राशि के संबंध में आयोग द्वारा पूर्व में जारी संदर्भित निर्देश को अधिक्रमित करते हुए निर्देशित किया गया है कि किसी भी अभ्यर्थी को निर्वाचन के लिए सम्यक् रूप से नाम निर्देशित नहीं समझा जायेगा, जब तक कि उसने नियम 25 के अधीन रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष या तो अपने नामनिर्देशन पत्र के प्रस्तुतिकरण के समय या उसके पूर्व, निर्धारित राशि नगद रूप में जमा न कर दी हो या जमा न करवा दिया हो। ज्ञात हो कि पार्षद की सीट के लिए नगर पंचायत हेतु 1000 रूपये, नगरपालिका हेत 3000 रूपये व नगरपालिक निगम हेतु 5000 रूपये की धनराशि देय होगी। इसी प्रकार नगर पंचायत के अध्यक्ष की सीट के लिए, 10,000 रूपये, नगरपालिका के अध्यक्ष की सीट के लिए 15,000 रूपये तथा नगरपालिक निगम के महापौर की सीट के लिए 20,000 रूपये की धनराशि देय होगी। परन्तु जहां कोई अभ्यर्थी, महिला है या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है, वहां उसे इस नियम के अधीन उपरोक्त विहित धनराशि का केवल आधा भाग निक्षेप करना आवश्यक है। जहां किसी अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता को एक से अधिक नाम निर्देशन पत्र से किसी एक ही स्थान हेतु निर्वाचन के लिए नाम निर्दिष्ट किया गया हो, वहां उससे उपनियम (1) के अधीन एक से अधिक निक्षेप की अपेक्षा नहीं की जाएगी।


## नाम परिवर्तन

मैं किशोर कुमार उम्र 34 वर्ष पिता रति लाल डहरिया जाति सतनामी निवासी ग्राम गोडपेन्ड्री, पो. सेलूद, तहसील पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूँ।

मेरे पुत्री का नाम आराध्या डहरिया (ARADHYA DAHARIYA) है जिसकी जन्म तिथि 04/03/2014 है। जिसका जन्म पंजीयन नगर पंचायत उतई, तह. पाटन जिला दुर्ग में हो चुका है। जो कि ऑनलाईन नहीं हुआ है।

मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम भूलवश नीलम दर्ज है जबकि आधार कार्ड में माता का नाम नीलम डहरिया दर्ज है जो कि सत्य है।

मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम नीलम डहरिया करवाना चाहता हूँ । तथा जन्म प्रमाण पत्र को ऑफ लाईन से ऑनलाईन करवाना चाहता हैं।जिसके समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता


# लीनेस ने भिक्षुक भोज और कंबल बांट कर वंचितों को दी राहत

**भिलाई।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब डि सीएम-1 सम्पदा के अंतर्गत लीनेस क्लब भिलाई ने नववर्ष के पहले हफ्ते में दो अलग-अलग स्थानों पर सेवा कार्यों को अंजाम दिया। जिसमें भिक्षुकों को भोजन करवाया गया वहीं ठंड के इस मौसम में परेशान वंचित समुदाय के बीच कम्बल का वितरण किया गया। लीनेस क्लब पदाधिकारियों ने साईं बाबा मंदिर सेक्टर-6 के आसपास बैठे भिक्षुकों को भोजन करवाया। सभी भिक्षुकों ने लीनेस पदाधिकारियों का इसके लिए आभार जताया। इसी तरह लीनेस क्लब ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित बस्ती में वंचित समुदाय के बीच कम्बल का वितरण किया। जिससे इस भीषण ठंड में लोगों को राहत मिले। इन दोनों विशिष्ट सेवा कार्य में लीनेस क्लब की ओर से जया त्रिवेदी, अर्चना मिश्रा, नीता गुप्ता, शालिनी सोनी, प्रिया रस्तोगी सुषमा गुप्ता, उज्जवला सिंघल, करुणा बंसल, गीता मिश्रा, मनोरमा राणा, उमा गुप्ता, सीमा यादव, उर्मिला टावरी, अंजना विनायक, संगीता अग्रवाल, मंजू सुराणा, कल्पना, सुषमा उपाध्याय, मीनाक्षी, सुरेखा, नीलू सिंघल, पुष्पा, लता गायकवाड, नूतन गंधोक, मंजू तिवारी, मीना सिंह, उषा अग्रवाल, अरुण और लक्ष्मी का विशेष सहयोग रहा।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 03.01.2025

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)

(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 23.01.2025 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 160/दुर्ग(राज.)/2024 | उपसंभाग अं. चौकी के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में पुल-पुलियों का साधारण /विशेष मरम्मत कार्य | 50.00 |
| 161/दुर्ग(राज.)/2024 | उपसंभाग अं. चौकी के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य | 50.00 |
| 162/दुर्ग(कवर्धा)/2024 | लोक निर्माण विभाग उपसंभांग कवर्धा के मुख्यालय रामपुर एवं ठाठापुर के अंतर्गत कारेसरा, खम्हरिया, सिल्हाटी मार्ग लं. 21.70 कि.मी. में बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य | 34.80 |
| 163/दुर्ग(दुर्ग)/2024 | प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, दुर्ग के निवास हेतु 01 नग "बी" टाईप शासकीय आवासगृह का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित कार्य | 112.51 |

टीप

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

G-242505200/2

अधीक्षण अभियता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष - 0788-2210876



## ।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग ।।

-: विज्ञापन :-

क्रमांक/493/रा0वि0बा0/2024 दुर्ग, दिनांक 02/01/25

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्रान्तर्गत सिविल लाईन स्थित महिला समृद्धि बाजार योजना के अंतर्गत निर्मित रिक्त 05 दुकानों (भूतल एंव प्रथम तल) के आबंटन के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20-1-2025 है। दुकान अचल सम्पति अंतरण नियम 1994 अनुसार आरक्षण किया गया है, जो निम्नानुसार है।

| आरक्षित दुकान | | |
|---|---|---|
| क्र. | दुकान नं. | आरक्षण |
| 1 | 09. (भूतल) | दिव्यांग वर्ग |
| 2 | 31. (प्रथम तल) | अनारक्षित वर्ग |
| 3 | 28. (प्रथम तल) 32. (प्रथम. तल) 35. (प्रथम तल) | अनुसूचित जाति वर्ग |

आवेदन पत्र निगम द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार टंकित कराकर रजिस्टर डाक या स्पीड पोस्ट से निर्धारित दिनांक तक भेजा जा सकता है। आवेदन कार्यालय में सीधे तौर पर नहीं लिया जावेगा। आबंटन के प्रमुख शर्ते निम्नानुसार है।

01. यह योजना महिलाओ एवं युवतियो के लिए है।
02 आवेदिका की आयु 18 वर्ष से अधिक होना आवश्यक है।
03. आवेदिका इस निकाय क्षेत्र का निवासी होना चाहियें।
04. स्वंय या अभिभावक पालक की वार्षिक आय 1,00,000.00 (एक लाख) रू0 से कम होना चाहियें।
05. दुकान का आबंटन अमानत राशि 1,00,000/-रू0 एकमुश्त जमा करना अनिवार्य होगा।
06. दुकान का प्रारंभिक मासिक किराया 1,400 (एक हजार चार सौ) रू0 प्रति माह होगा। प्रत्येक तीन वर्ष में 15 प्रतिशत की वृद्धि की जावेगी।
07. आयु हेतु जन्म प्रमाण पत्र अथवा पाचॅवी आठवी व हाई सेकण्डरी बोर्ड प्रमाण पत्र में अंकित जन्म तिथि ही मान्य की जावेगी। मतदाता सूची मतदाता परिचय पत्र राशन कार्ड में दर्ज जन्म तिथि मान्य नहीं होगा।
08. आय प्रमाण पत्र तहसीलदार से प्रमाणित होना चाहियें।
09. इस निकाय क्षेत्र का निवासी होने के संबध में सभी आवेदको को वार्ड पार्षद से प्रमाण पत्र संलग्न कराना अनिवार्य है।
10. सभी आवेदको को आवेदन पत्र के साथ 50/- रू0 के स्टाम्प पत्र पर यह शपथ देना होगा। कि उनके स्वंय या उनके परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से इस निकाय क्षेत्र में कोई भी दुकान नहीं है। भविष्य में उनके या परिवार के सदस्यों को नाम से पाये जाने पर निरस्त कर दिया जावेगा।
11. आरक्षित श्रेणी के दुकानों के लिए संबधित वर्ग के आवेदिका को आवेदन पत्र के साथ प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. आवेदन पत्र में आवेदक/आवेदिका की पासपोर्ट साइज फोटों लगाना अनिवार्य है।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, दुर्ग**

## संक्षिप्त-खबर

### भाजपा जिलाध्यक्ष को पूर्व मण्डल अध्यक्षयों ने बधाई प्रेषित किया



**सेलूद/** पाटन विधानसभा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष गणों ने जिला भाजपा कार्यालय परिसर में नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक को मिलकर बधाई प्रेषित किया द्य सुरेंद्र कौशिक के जिलाध्यक्ष बनने से संगठन के कार्यो में निश्चित रूप से कसावट आएगी और भाजपा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर संगठनात्मक कार्य करेगी द्य संगठन को बारीकी से जानने वालों को प्रदेश संगठन ने नेतृत्व दिया है जिसका पाटन क्षेत्र के कार्यकर्ता स्वागत करते है द्य जिसमे प्रमुख रूप से लालेश्वर साहू पूर्व अध्यक्ष दक्षिण मण्डल, लोकमनी चंद्रकार पूर्व अध्यक्ष उत्तर मण्डल, खेमलाल साहू पूर्व अध्यक्ष मध्य मण्डल पाटन शामिल रहे।

### बीजापुर हमले में शहीद हुए वीर जवानों को दी श्रद्धांजली और पुष्पमाला अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण करते हुए शहीदों को किया नमन



दंतेवाड़ा किरंदुल ब्लॉक कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर किरन्दुल नगर के बस स्टैंड चौक पर बीजापुर हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजली दी गयी और पुष्पमाला अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण करते हुए शहीदों को नमन किया गया। शहीद जवानों को श्रद्धान्जली देने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजू रेड्डी, व समस्त कांग्रेस परिवार,थाना प्रभारी एवं पुलिस टीम, वरिष्ठ पत्रकारों, युवा साथियों, पुलिस परिवार, एवं नगर के प्रबुद्धजनों उपस्थित थे।

### 10 जनवरी को बेल्हारी में मनायेंगे ओबीसी का स्थापना दिवस

**पाटन।** ओबीसी समाज को एससी एसटी और सामान्य वर्ग की तरह ही आबादी के अनुसार समान हिस्सेदारी और सामाजिक सुरक्षा (ओबीसी सुरक्षा अधिनियम) दिलाने अर्थात् सामाजिक न्याय की स्थापना हेतु जारी आज़ादी की दुसरी संघर्ष - ओबीसी जन जागरण महाअभियान को आगे बढ़ाते हुए ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के तावतधान मे विगत पांच वर्षो से निरंतर समाज को सवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम जारी है जो पांच वर्ष की यात्रा पूर्ण होने पर 10 जनवरी दिन शुक्रवार को ग्राम बेल्हारी ( बटरेल ) के बाजार चौक मे स्थापना दिवस मनाया जा रहा है, उक्त कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता अधिवक्ता श्री शत्रुहन सिंह साहु ( संस्थापक ओबीसी संयोजन समिती छत्तीसगढ़ ), अध्यक्षता करेंगे श्री टिकेश्वर अभिनव सिंह ( संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष )मुख्यअतिथि होंगे इंजी. कीरत राम कुल्हारा ( दुर्ग संभाग अध्यक्ष ) श्री समारु राम सिन्हा ( जिला प्रभारी धमतरी ) श्री बल्दू राम साहु ( जिलाध्यक्ष बालोद ) श्री चेतन साखरे ( जिलाध्यक्ष धमतरी )आयोजक समिती दुर्ग जिला कार्यकर्ता अंकालू राम साहु, लक्ष्मण निषाद, शत्रुघन लाल साहु, नरेंद्र धरमगुड़ी, परमानन्द साहु, आनंद राम यादव एवं ओबीसी समाज होंगे 7यह जानकारी संगठन के प्रचारक युवराज सिंह गंजीर ने दी है।

### भाजपा विधायक पर एफआई आर दर्ज

**जशपुर /समय दर्श न।** भाजपा विधायक रायमुनि भगत के विरुद्ध बीएनएस की धारा 196,299 और 302 के अंतर्गत अपराध दर्ज कर लिया है। घटना गत वर्ष 1 सितंबर को आस्ता थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढेगनी गांव में हुई थी। इस गांव में भुईहर समाज के सामाजिक भवन के लोकार्पण के दौरान विवादित टिप्पणी करने का आरोप विधायक रायमुनि पर मतांतरित लगाए थे। उनका आरोप है कि इस कार्यक्रम में सम्बोधन के दौरान विधायक ने ईसा महीह पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि अगर ईसा मसीह अगर मरने के बाद जीवित हो सकते हैं तो मतांतरितो को कब्रिस्तान की जरूरत क्यों पड़ती है? इस बयान को ईसा मसीह का अपमान बताते हुए मतांतरितो ने जिले के सभी थाना और चौकी में विधायक रायमुनि भगत के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायत की थी। लेकिन पुलिस ने मामले की जांच के बाद,विधायक के भाषण में कोई विवादित ना पाए जाने के आधार पर फैना काट कर आवेदको को न्यायलय जाने की सलाह दी थी। इस पर ढेगनी निवासी हेरमोन कुजूर पिता मार्टिन कुजूर ने 10 दिसंबर 2024 को जिला न्यायलय में परिवाद दायर किया था। सुनवाई के दौरान परिवादी के अधिवक्ता विष्णु कुलदीप ने 6 प्रत्यक्षदर्शियो का बयान दर्ज कराने के साथ वीडियो की सीडी न्यायलय के सामने प्रस्तुत किया था। सुनवाई के बाद न्यायाधीश अनिल चौहान ने परिवादी हैरमोन के आरोप को सुनवाई योग्य मानते हुए विधायक रायमुनि भगत के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुए 10 जनवरी को न्यायलय में पेश होने के लिए नोटिस जारी किया है।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ राजिम एवं राजिम भक्तिन माता समिति के संयुक्त तत्वाधाम में सम्मान समारोह बचेली की पार्षद बीना साहू हुई सम्मानित



**दंतेवाड़ा ( समय दर्शन )।** बचेली प्रदेश साहू संघ के द्वारा भक्तिन माता राजिम जयंती के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , केंद्रिय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव समस्त विधायकों और 36 जिला के पदाधिकारीयो की गरिमामयी उपस्थित मे हुआ सम्मान समारोह का आयोजन बता दे बिना साहू

बचेली क्षेत्र में विगत 15 वर्षों से समाज सेवा के कार्य में संलिप्त और लगातार समाज हित के लिए तन, मन, धन से सेवा कार्य करती रही है,अभी वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ की संगठन सचिव के पद पर रहकर जिम्मेदारी पूर्ण कर रही है द्य और जिला दंतेवाड़ा महिला प्रकोष्ठ के उपाअध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है इनके सेवा कार्य का उदाहरण है कि साहू समाज के कुछ ऐसे परिवार जो की अति निर्धन है जिसमे 2 बेटी और 3 बेटो का सगाई और शादी में सहयोग कर उनकी विवाह संपन्न करवाई

और कोरोना काल के कठिन स्थिति पर भी समाज के प्रत्येक सहयोग पर भागीदारी दी नारी सशक्तिकरण के लिए भी अनेकों कार्य किए इन कार्य से प्रभावित होकर छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम की पावन धरा में इन्हें सम्मानित किया गया द्य

इनके सम्मान से बचेली वासी मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित कर रहे है और इनकी बेहद प्रशंसा हो रहा है

# मां शाकम्भरी पूजन महोत्सव में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल





■ पटेल (मरार ) समाज भवन का हुआ उद्घाटन

**बसना ( समय दर्शन )।** मां शाकम्भरी को देवी दूर्गा का अवतार माना जाता है। उन्हें वनस्पतियों की देवी के रूप में पूजा जाता है। शाकम्भरी महोत्सव बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। यह एक महत्वपूर्ण समय है जब लोग देवी शाकम्भरी से आशीर्वाद मांगते हैं। यह बात विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने मंगलवार को बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पोटापारा में मरार (पटेल) समाज द्वारा आयोजित मां शाकम्भरी पूजन महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने अपनी प्रार्थना में कहा कि वनस्पति,फल और औषधि , जड़ी बूटी की देवी मां शाकम्भरी हमें शक्ति और स्वस्थ जीवन प्रदान करती है।

**पटेल ( मरार ) समाज भवन का किया उद्घाटन-** कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने पटेल (मरार) समाज भवन का उद्घाटन किया तथा ग्रामवासियों को विकास कार्यों की बधाई देते हुए कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में जनकल्याण के हित मे प्रतिमान स्थापित करते हुए विकास की ओर सतत रूप से अग्रसर हैं। पूरे देश में छत्तीसगढ़ के विकास मॉडल की चर्चा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने समाज के सभी वर्गों के जीवन स्तर में सुधार लाने का काम कर रहा है। क्षेत्र में महानदी की अविरल धारा की तरह ही बसना विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है।

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा,भाजपा मण्डल गढफुलझर अध्यक्ष नरहरी पोर्ते, मरार समाज अध्यक्ष उद्धव पटेल, सुकुनदास पटेल, प्रहलाद पटेल, विजय पटेल, जयदेव पटेल, कुशलाल पटेल, तेजराम पटेल, साबित पटेल, अनिल कंवर, ठण्डाराम पटेल, जयपाल पटेल, मनीष साव, महिपाल निषाद, वृन्दा प्रसाद पटेल, भावेश साव, मानसाय पटेल, सुंदरलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए आरक्षण हुआ, कई सरपंच को मिलेगा दोबारा मौका, कई सरपंच आए आरक्षण की चपेट में



**बलराम यादव (राजनीतिक रिपोर्टर)**

पाटन। पाटन ब्लॉक के 108 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए हुआ आरक्षण। इस अवसर पर जनपद सभा में एस डी एम पाटन लवकेश ध्रुव, तहसीलदार श्रीमती मीना साहू, नायब तहसीलदार मनोज रस्तोगी सहित जनपद का स्टाफ मौजूद रहे इसके अलावा बड़ी संख्या में विभिन्न ग्रामों लोग भी मौजूद रहे। अनुसूचित जाति महिला के लिए 16 ग्राम पंचायत में हुआ जिसमें ग्राम पंचायत कानाकोट, कसही , खोला,, डिडगा, चंगोरी, महुदा, करसा, सावनी शामिल है।

इसी तरह अजा मुक्त के लिए तुलसी, खुडमुड़ी, पंदर, बोरेनदा कुर्मीगुण्डरा, आँधी, सेलूद, गुजरा शामिल है।

अनुसूचित जनजाति महिला के लिए 10 ग्राम पंचायत आरक्षित जिसमें गाडाडीह, सेमरी, पहादा (अ) ,दौर, कुम्हली शामिल है।

अनुसूचित जनजाति मुक्त के लिए ग्राम पंचायत करगा, पाहन्दा (झ), टेमरी, नारधी, भनसुली-क्र शामिल है

अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए ग्राम पंचायत में हुआ है जिसमें चुनकट्टा, सिकोला, घुघवा (क), जामगांव (एम), महका खुर्द, औरी, किकिरमेता, जमराव ,खम्हरिया क ,राखी, पंहडोर, रुही, असलीडीह, भरर शामिल है।

अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त में ग्राम तर्रा, सोनपुर, पचपेड़ी, सांकरा, गातापार, फेकारी, मर्रा ,गोड्पेंडी, पतोरा, रानीतराई, महकाळला, अमेरी, आगेसरा कोपेडीह शामिल है।

अनारक्षित-महिला केलिए 54 ग्राम पंचायत शामिल है जिसमें ओदागहन, बोरीद, बीजाभाठा, उफरा, घुघवा (ज) तरीघाट, नवागांव (बी), अरसनारा, गुड़ियारी, औसर, गब्दी परसाही, तेलीगुडरा, रवेली, बढेना, मुड़पार, असोगा , बटरेल, पौहा, सिपकोन्हा, कौही, भनसुनी (के), सोरम, बोरवाय, अकतई, चीचा, सांतरा शामिल है

मुक्त सभी वर्ग के लिए ग्राम चुलगहन, निपानी, झीट, धमना, देमार, मटंग, खम्हरिया (अ) बेल्हारी, छाटा, मानिक चौरी, फुंडा ,बेलौदी, बटंग, करेला, केसरा, रेंगाकठेरा, अचानकपुर, धोराभाठा, द. मोखली, देवादा, सुरपा जरवाय, लोहरसी, खर्रा, मोतीपुर, अरमरीखुर्द, जाम गांव आर(क्र) शामिल है।

# दुलारपाली स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन

**शंकर लहरे / सरायपाली (समय दर्शन)।** शाउमवि दुलारपाली में प्राचार्य प्रेमानन्द भोई के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधकारी कृष्ण कुमार नायक के संयोजन में दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत दुलारपाली सरपंच जयनन्द गहिर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कबड्डी के राष्ट्रीय निर्णायक अक्षय सिदार, वरिष्ठ प्रधान पाठक शंखलाल जगत उपस्थित थे। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बैडमिंटन खेल से हुआ। विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को दो दलों केसरिया और हरियर में विभाजित किया गया था। ऑफिशियल के रूप में शिक्षकों के लिए सफेद रंग का ड्रेश कोड निर्धारित किया गया था। दोनों दलों के खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया। सभी मुकाबले रोमांचक रहे। बैडमिंटन सीनियर में ध्रुव, हेमराज, मुस्कान, टेशू ने प्रथम, भूपेंद्र दुर्योधन,आरती और खुशी द्वितीय, जूनियर वर्ग में प्रथम हर्ष तुषार बाघ, अरमान, गोपाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में सौ मीटर,दो सौ मीटर,चार सौ मीटर,ऊँची कूद,लंबी कूद,गोला फेंक,सुरीली कुर्सी,रिलेरेस, त्रिटंगी दौड़,वॉलीवाल,खो-खो, और कबड्डी खेल का आयोजन बालक बालिका जूनियर एवं सीनियर वर्ग में किया गया।जिसमें अपने खेल कला कौशल के बल पर अपने-अपने वर्ग में नरेंद्र, अमन बसंती यामिनी ध्रुव वैष्णव पूनम जगत साधनी हिमेश अरुण साहू




संतोषी टिकेश्वर मुस्कान देवदास धावेश हेमबाई संतोषी सिदार दुर्योधन , योगेश,खीरसागर, दीपक ,चाँदनी नायक,हिमांशी,गोपिका,नरेंद्र ध्रुव,समीर देवदास बसंती हिमांशी गोपिका अमीषा हर्ष,तुषार बाघ,सुमित्रा यादव माधुरी अरमान दीपक,कमलेश ,चंद चौहान, पूजा,अमिषा पटेल, ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। लीलेन्द्री,विजय जितेश खुशबू मोना अंजु खगीता सुमित पूजा निषाद बबिता साहू,देवकी,धनेश्वरी,मोनिका पुरुषोत्तम, युवराज,परी वैष्णव,कामिनी साहू ने सिल्वर मेडल तथा हेमराज वीरेंद्र पुष्पा मनीष नेताम,दुर्गेश,लक्ष्मी यादव,गोपिका साहू,दीपक नेताम,हिमांशु,मोना भोई ने कांस्य पदक प्राप्त किया।सामुहिक खेल में जहाँ केसरिया टीम ने बैडमिंटन सीनियर बालक एवं बालिका, खो-खो सीनियर बालिका,कबड्डी जूनियर बालिका,कबड्डी जूनियर बालक, कबड्डी सीनियर बालिका,कबड्डी सीनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।वहीं खो-खो और वॉलीवाल में हरियर टीम चैंपियन रही। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत और सामुहिक खेल में बेहतरीन खेल के लिए हिमेश नेताम और पूनम जगत को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। निर्णायक की भूमिका व्यायाम शिक्षक रूपधर पटेल की अगवाई में,दुबेलाल पोर्ते,सुशांत प्रधान,टेकलाल पटेल शरद बाघ ,डी एल खटकर,रोहित कुमार साहू ने निभाई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीआर सीसी बसना पूर्णानन्द मिश्रा उपस्थित थे।जिन्होंने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। अध्यक्षता देवेंद्र साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप श्रीमती उर्मिला मिश्रा, पालक सदस्य सुरेन्द्र साहू, निरंजन साहू, जीवन लाल साहू, हेमन्त साहू, आनंद पटेल, कैलाश नेताम उपस्थित थे।प्रतियोगिता को सफल बनाने में राकेश प्रधान, हाराधन चौधरी,सी एस विशाल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों और भुतपूर्व छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्णानंद मिश्रा ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को बधाई दी एवं परीक्षा उत्सव में भी इसी उत्साह और उमंग के साथ जुट जाने का आह्वान किया।

# छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई दंतेवाड़ा, पत्रकार मुकेश के हत्तयारो को फाँसी देने की मांग



**दंतेवाड़ा ( समय दर्शन )।** बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्रकार की हत्त्या कर दी गई और उनके शव को सेप्टिक टैंक में डाल कर ऊपर से ढलाई कर दी गई इस निर्मम हत्या को लेकर पूरे देश के पत्रकार जगत में आक्रोश व्याप्त है। स्व मुकेश को याद करते पूरे देश मे श्रद्धाजंलि सभा हो रही दोषियों को सज़ा देने की मांग की जा रही है।वही दंतेवाडा जिले के किरंदुल लोह नगरी के बस स्टैंड जय स्तम्भ चौक में श्रमजीवी पत्रकार संघ ने पत्रकार स्व मुकेश चंद्रकार और बीजापुर नक्सली हमले में शाहिद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। उसके बाद मुकेश के हत्त्या के मास्टरमाइंड सुरेश चंद्रकार के पुतले को आक्रोशित पत्रकारो और जनता ने फाँसी पर लटकाया। मुकेश के हत्त्यारो को फाँसी दो फाँसी दो के नारे लगाते रहे लोग।इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# 10 वें गुरु गोविन्द सिंह महाराज का निकला नगर किर्तन भ्रमण भव्य शोभायात्रा

■ कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल, नपं उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल

**बसना ( समय दर्शन )।** बसना नगर के स्थानीय गुरुद्वारे में सिख पंथ के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी का 358 वां प्रकाशोत्सव धूमधाम के साथ नगर किर्तन भ्रमण व भव्य शोभायात्रा निकालकर मनाया गया। कार्यक्रम में बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल एवं नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल शामिल हुए। नगर किर्तन में पांच प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज की सवारी भी हुई। संगत गुरुबाणी किर्तन करते



हुए और सेवा का संदेश देते हुए साथ चली।शोभायात्रा के आगे सिख युवक करतब दिखा रहे थे। शोभा यात्रा में सिख सुमदाय के सैकड़ों महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए। महिलाएं शबद कीर्तन करती चल रही थी। बच्चे गुरुवाणी गा रहे थे। शोभायात्रा के बीच गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी भी शामिल थी। इसके पीछे रागी जत्थे शबद कीर्तन करते चल रहे थे। देर शाम को भव्य आतिशबाजी की गई जहां



नगर में जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया और गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। मुख्य चौक में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल एवं नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने साथियों के साथ शोभायात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया और प्रसाद वितरण किया। शोभायात्रा के लिए गुरुद्वारे को भव्य रूप से सजाया गया था। जगह-जगह शिविर लगाकर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

इस अवसर पर जशवंत सिंह सलूजा, जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, विधानसभा प्रभारी अमरजीत छाबड़ा, विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल,डिम्पल छाबडा, रणजीत छाबडा, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, शीत गुप्ता,कामेश बंजारा, विधायक प्रतिनिधिगण विकास वाधवा, निर्मलदास, सोनू छाबड़ा,आकाश सिन्हा, नरहरी पोर्ते, महेन्द्र सिंह अरोरा, मुकेश मित्तल एवं सिक्ख समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यगणो के साथ माताएं बहने व नगरवासी मौजूद थे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26